


# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 01 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 30 सितम्बर 2024 डाक 01 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8+ 8 मूल्य 2.00 रुपए


## विविधा

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हार्ट कार्यक्रम के दौरान मैराथन को हरी झंडी दिखाई



## देश-विदेश

बिहार में बाढ़ से तबाही... 5 लोग डूबे, कई तटबंध टूटने से हड़कंप लाखों की आबादी प्रभावित



## फीचर पेज

अनार के छिलके का चमत्कार देखकर आप भी हो जाएंगे दंग काले दाग-धब्बे होगें दूर



# चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा एक्शन, चित्रा सरावरा समेत 10 नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

**चंडीगढ़, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**



हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा बागी नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। भाजपा ने अपने 8 नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया था। अब कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर 10 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया है।कांग्रेस ने अनुशासनहीनता के आरोप में चित्रा सरवारा, सतविंदर राणा, कपूर सिंह नरवाल, सोमवीर घसोला, मनोज कोसलिया, अजीत शारदा राठौर, ललित नागर और सतवीर भाना को 6 साल के लिए निष्कासित किया है।

इससे पहले भी कांग्रेस ने कई बागी नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था। इससे पहले भाजपा ने भी पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे बागियों पर कार्रवाई की थी। जिसमें पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला समेत आठ बागी नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया था।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की बैठक में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय



दिल्ली/रायपुर 30 सितम्बर । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज नई दिल्ली के भारतमंडपम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। वहीं, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# अमित शाह ने मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर जताई आपत्ति, बोले- बेवजह पीएम को घसीटा

**नईदिल्ली, 30 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिए बयान को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटिया और शर्मनाक बताया है। अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कल (29 सितंबर) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने भाषण में अपने नेताओं और अपनी पार्टी से भी ज्यादा घटिया और शर्मनाक बात कही। उन्होंने अपनी कटुता का परिचय देते हुए बेवजह पीएम मोदी को अपने निजी स्वास्थ्य मामले में घसीटा और कहा कि वे पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे। शाह ने आगे कहा, इससे पता चलता है कि इन कांग्रेस के लोगों में पीएम मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है कि वे हर समय उनके बारे में सोचते रहते हैं।

जहां तक खड़गे के स्वास्थ्य की बात है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रार्थना करते हैं, मैं प्रार्थना करता हूं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वे दीर्घायु और स्वस्थ रहें। वे अनेक वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 29 सितंबर को जम्मू-कश्मीर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। खड़गे ने कहा, मैं 83 साल का हूं, लेकिन तब तक जिंदा रहूंगा जब तक हम मोदी को हटा नहीं देते हैं।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### पीएम मोदी ने दी मिथुन चक्रवर्ती को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिए जाने की बधाई

**नई दिल्ली।** इस साल का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिग्गज अभिनेता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मिथुन चक्रवर्ती को यह पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कोलकाता की गलियों से लेकर सिनेमा की ऊंचाइयों तक, मिथुन दा की अद्भुत सिने यात्रा ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। दादासाहेब फाल्के चयन समिति ने भारतीय सिनेमा में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजने का निर्णय लिया है।







तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
एक शुभचिंतक, कोरबा छ.ग.


तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
ज्योत्सना चरणदास महंत
सांसद- कोरबा लोकसभा क्षेत्र
सौजन्य : एक शुभचिंतक कोरबा लोकसभा क्षेत्र


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
लेमरू एवं समस्त स्टाफ
वनमंडल, कोरबा


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
कोरबा एवं समस्त स्टाफ


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
विकास सिंह
प्रदेश सचिव, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
पसान एवं समस्त स्टाफ
वनमंडल, कोरबा


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
करतला एवं समस्त स्टाफ



राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
पुरूषोत्तम शर्मा
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी,
जिला : जांजगीर -चांपा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
सुजीत सिंह
मंडल अध्यक्ष
भाजयुमो, दीपका


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
रमेश पैगवार
कार्यकारी जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
जांजगीर-चांपा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
शारदा मां लाजिस्टीक
प्राईवेट लिमिटेड
कन्हाईबंद नैला


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
हरप्रसाद साहू
प्रदेश सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
रायपुर छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरुण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर
ब्यास कश्यप
विधायक
जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र



## बाजार से मोबाइल की लूट तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा। बाजार से मोबाइल लूट करने वाले तीन आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सेमरा बाजार से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हीरागढ़ निवासी तिलेश्वर प्रसाद कश्यप 28 सितंबर को सेमरा बाजार में खरीददारी करने गया था। शाम करीबन 5.30 बजे वह सब्जी खरीद रहा था तभी दो अज्ञात व्यक्ति धक्का देकर उसके जेब में रखें %रियलमी कंपनी का एंड्राइड मोबाइल को लूट कर फरार हो गए। इसी प्रकार कैथा निवासी रामकुमार साहू से भी 28 सितंबर की शाम सेमरा बाजार में मोबाइल लूट की वारदात हुई। दोनों ने नवागढ़ थानें में रिपोर्ट - दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात - आरोपियों के खिलाफ धारा - 309, (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु की। पतासाजी के दौरान सूचना - मिली की तीन व्यक्ति सेमरा बाजार तरफ से ऑटो में बैठकर जांजगीर ष्ट्वकी ओर भाग रहे हैं। सूचना पर तत्काल साइबर टीम के द्वारा झारखंड निवासी मनोरंजन कुमार मंडल, सूरज कुमार मंडल को पकड़ कर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने लूट का अपराध स्वीकार किया। साथ ही अपने एक अन्य साथी ऑटो चालक परमेश्वर सारथी के साथ मिलकर वारदात करने की बात कही। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो नग रियालमी कंपनी का एंड्राइड मोबाइल बरामद किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक हीरालाल एक्का, आरक्षक, कुलदीप खूंटे, महेश राज, चंद्रमडी कश्यप, साइबर सेल जांजगीर एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का योगदान रहा।

## शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** आगामी नवरात्रि पर्व एवं दशहरा तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा ब्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा तहसीलदार नवागढ़ की उपस्थिति में थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कोटवारों की बैठक आहुत की गई। बैठक के दौरान ग्राम कोटवारों को शांति व्यवस्था बनायें रखने तथा किसी भी असमाजिक ब्यक्तियों द्वारा हुल्लड़ बाजी करते है तो तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु निर्देशित किया गया। थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा दशहरा एवं नवरात्रि पर्व एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए लगातार थाना पामगढ़ क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल के निर्देशन में 29 सितंबर को सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था बनायें रखने के लिए थाना प्रभारी नवागढ़ भास्कर शर्मा द्वारा नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कोटवारों का थाना नवागढ़ में बैठक आहुत की गई। बैठक के दौरान सभी कोटवारों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ साथ, यदि किसी भी गांव में किसी ब्यक्ति द्वारा शराब पीकर हुल्लड़ बाजी करते है तो उसकी जानकारी तत्काल सूचना पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया।

## कुएं में गिरने से युवक की हुई मौत

**जांजगीर।** शहर के व्यस्त जगह में मौजूद कुएं में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। आसपास के लोगों के अनुसार युवक कुएं के किनारे



में बैठ रहा था, इसी दौरान नीचे गिर गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार के पास खुले कुआं में एक युवक की लाश होने की सूचना पुलिस को मिली। सबसे व्यस्ततम क्षेत्र के कुआं में लाश मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई।

कोतवाली पुलिस के साथ नगर सेना की टीम मौके में पहुंची। पहले तत्काल शव को बाहर - निकाला गया। मृतक की पहचान - शहर के योगेश शर्मा में रूप में किया गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पीएम बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर तत्काल मौके पर पहुंचे। मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। योगेश शर्मा ठेकेदारी का काम करता था। इसे सुबह पास के एटीएम से पैसा निकालते भी कुछ लोगों ने देखा है। कुआं के अंदर उसकी लाश मिलने से कई सवाल उठने लगे हैं। हालाकि पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई।

# डोंगाकोहरौद बस्ती से लोगों का गुजरना हो गया मुश्किल

**जांजगीर ।** ब्लाक मुख्यालय पामगढ़ से राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली सड़क बरसात में बदहाल हो चुकी है। कीचड़ से सराबोर सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सडक के गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। इन गड्ढों में गिरकर वाहन चालक हादसों के शिकार हो रहे है।

पामगढ़ के अम्बेडकर चौंक से डोंगाकोहरौद, भिलौनी, ससहा, लाहौद, बलौदा बाजार होते हुए राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। जरा सी बारिश होते ही सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसे में वाहन चालकों को यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि कहां गड्ढा है और कहां सड़क बची हुई है। कई लोगों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की वजह से अपना रोज का दिनचर्या रास्ता ही बदल लिया है। स्थिति यह है कि बच्चे घर से स्कूल देरी से पहुंच रहे हैं तो कामकाजी लोगों को दफ्तरों में देरी से हाजिरी लगानी पड़ रही है। क्षतिगस्त सड़क की वजह से आए दिन जाम भी लगने लगा है। बारिश के पानी में यह गड्ढे नजर भी नहीं आते हैं। इसके बाद भी संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन सड़कों में बारिश से गड्ढे हो गए हैं, लेकिन मरम्मत नहीं की जा रही है। वर्तमान में अश्वनी होटल पामगढ़ से डोंगाकोहरौद दीपक साहू मकान तक सड़क की ऊपरी खराब हो गई है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। जिसमें बारिश का पानी जमा हो रहा है। साथ ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 2004 में यह सडक बनवाई गई थी। मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क की हालत दिन ब दिन खराब होती जा रही है। इससे वाहन चालक हलाकान है। बैटरी चलित आटो चालक रामकुमार ने बताया कि इस रास्ते से जाना मजबूरी है। रास्ता इतना खराब है कि इस पर आटो लेकर चलना बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा है। कई बार आटो यहां सड़क के गड्ढे में पलट भी गया है। जिससे यात्रियों को चोट भी आई है।

इसी तरह गोकुल पाटले का कहना है कि बदहाल सड़क के कारण आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही है। सडक की मरम्मत नहीं होने के कारण जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से आवागमन करना पड़ता है। ऑटो चालक ने बताया कि रोजी रोटी का सवाल है, इसलिए इस सड़क पर आना मजबूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदहाल सड़क के कारण बरसात के मौसम में पैदल चलना भी दूभर हो गया है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग करने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही है। जिससे क्षेत्रवासी हलाकान है।

## पशुओं का नि:शुल्क उपचार करने तैयार रहते हैं हरषु

**जांजगीर।** जिले की कई सड़कों पर आवारा मवेशियों ने डेरा डाल रखा है। कई बार तेज गति से वाहन चालक इनसे टकराकर हादसे के शिकार हो जाते हैं। पीड़ित चालक की मदद के लिए तो लोग आगे आ जाते हैं, लेकिन दुर्घटना में घायल मवेशी की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता।

वे वहीं तड़पे रह जाते हैं। कई बार ऐसी नौबत आती है कि शहर में घूमने वाले मवेशी या अन्य पशु बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। उनकी मौत हो जाती है। अब इन पशुओं की मदद करने, उनकी जान बचाने के लिए शहर निवासी 23 वर्षीय युवा हरषु माली आगे आए हैं। वे शहर के आस पास या अन्य सड़कों पर घायल पशुओं का निशुल्क इलाज करते हैं। उनकी मरहम-पट्टी कर जान बचा रहे हैं। हरषु माली ने बताया कि लोगों के इलाज के लिए अस्पतालें चल रही हैं। उनकी मदद के लिए कोई न कोई आगे आ ही जाता है। लेकिन बेजुबानों की मदद बहुत कम ही लोग करते हैं।

इसलिए वे स्वंय की खर्च से न सिर्फ उनके इलाज का प्रबंध करते हैं, बल्कि उनकी देखरेख भी करते हैं। हरषु शहर में फ्लावर डेकोरेशन की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया वे सूचना पर घायल पशुओं की रात में भी मदद करने पहुंच जाते हैं। मौके पर पशुओं की मरहम पट्टी करते हैं। उन्होंने बताया कई बार हाईवे पर वाहन की ठोकर से मवेशियों को चोट लग जाती है। जान पहचान के लोग फोन पर सूचना देते हैं तो दवा, पट्टी लेकर मौके पर पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 3 साल से पशुओं की सेवा में लगे हैं।

## गोधना में नवरात्रि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करने में जुटे भक्त



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में नवरात्रि पर्व की तैयारी में महावीर मोहल्ला के लोग जुट गए हैं। इस शारदीय नवरात्रि में नव युवा दुर्गा उत्सव समिति महावीर गोधना के तत्वावधान में माता जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए मोहल्ले के दुर्गा उत्सव समिति ने माता जस गीत पार्टियों को भी न्योता दिया है। वहीं मोहल्ले में दुर्गा उत्सव का आयोजन होने से खुशी का माहौल है।

## हादसे में वानर का अंत, किया अंतिम संस्कार

**बिर्रा।** गत शनिवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक वानर की मृत्यु हो जाने के बाद हनुमान भक्त श्रद्धालुओं ने वानर राज का बाजार चौक पर विधिवत पूजा अर्चना कर अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके याद में मंच का निर्माण कर दोपहर से देर रात तक रामायण का आयोजन किया गया। रामायण में बिर्रा सहित आसपास के रामायण प्रेमियों को आमंत्रित किया गया।

श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नारियल अगरबत्ती केला लड्डू बूंदी चढ़ाया। आचार्य पं जितेन्द्र तिवारी ने विधिवत पूजन संपन्न कराया व संध्या आरती पूजन किया गया। रितेश रमण सिंह छोटू बाबा ने कहा कि बिर्रा में इस तरह की तीन चार घटनाएं हो चुकी है जिस पर हनुमान भक्तों ने वानर का



अंतिम संस्कार किया गया है जिसमें घनवा सागर तालाब में करेंट की चपेट में आने पर वानर राज की याद में भव्य मंदिर का निर्माण कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया गया है। यहां हुई इस घटना पर भी हनुमान चौरा का निर्माण कर विधिवत पूजन संपन्न हुआ है और रामायण का आयोजन किया गया है। रामायण प्रेमी व रामलीला मंडली के संरक्षक श्रवण कुमार कश्यप ने रामायण भजन कीर्तन में लाल देह लाली बसे अरू धरि लाल लंगूर गायन करते हुए सांध्यकालीन आरती में रामायण जी और हनुमान जी की आरती गायन किया गया। हनुमान भक्त समीति द्वारा खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया गया। रामायण प्रेमी नंदलाल श्रीवास, उतरा देवांगन, सौखीलाल पटेल, नरेंद्र यादव, विजय देवांगन, विष्णु साहू, शत्रुघन कश्यप, सिंधू पटेल, रमेश कुमार साहू मानस मंडली द्वारा मानस गायन किया गया।

आयोजन को सफल बनाने आचार्य पं जितेन्द्र तिवारी, रितेश रमण सिंह, छोटू बाबा, मणी लाल कश्यप, जनपद सदस्य श्रीमती पीलीबाई एकादशिया साहू, पितांबर कश्यप, श्रवण कश्यप, नंदलाल श्रीवास, कुंजबिहारी देवांगन, विशेषर साहू, सौखी पटेल, भातमहुलिया यादव, दुजराम कश्यप, नारायण जायसवाल, रामेश्वर साहू, तरुण कहार, योगेश साहू, मोहन साहू, दिलीप दास, राजू कश्यप, हेमंत साहू, पीमेंद्र केवट, बरातूसाहू अनिल साहू, अरुण साहू, आशोक साहू, सीताराम साहू, रामेश्वर साहू, माधव कश्यप, मंतोष केवट, चोवाराम साहू, राज कश्यप, सरोज केवट, हरनारायण केवट, डॉ कुश पटेल, संतोष, सागर, देवांगन जगदीश प्रसाद, कुश लाल, राजू कश्यप, धनसाय साहू, जगदीश साहू, बजरंग साहू, रामू साहू, कौशलेश साहू, सम्मे धीवर एवं समस्त बाजार चौक के श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट किए।

## वीआईपी कॉलोनी में चोरों ने बोला धावा

### एक ही रात 5 मकानों के टूटे ताले, जेवर व नकदी सहित सवा लाख का माल पार

**बलौदा।** एक ही रात नगर के वीआईपी कॉलोनी में 5 मकानों पर चोरों ने धावा बोला। जेवर व नगदी सहित डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर फरार हो गए। यह चोरी थाना से महज 1 किमी की दूरी पर हुई है। पुलिस के गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी हुई है।

बलौदा पुलिस के अनुसार शनिवार की रात पहरिया मार्ग पर क्वाटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे, लेकिन यहां चोरों को कुछ नहीं मिला। क्योंकि तहसीलदार आना जाना करते हैं, इसलिए सामान यहां नहीं है।

नायब तहसील दार भागीरथी कश्यप के क्वाटर पर चोरों ने धावा बोल दिया और अलमारी के समान को बिखेर दिया, उसी के बगल में जी टाईप के क्वार्टर क्रमांक 1 है, जिसमें बलौदा आरईएस में पदस्थ सब इंजीनियर के मकान में चोर घुसे और यहां अंदर कमरे में रखे अलमारी में लगभग 50 हजार नकदी और सोने नाक की फुली पार कर दिया। बगल में जी टाइप के में गौरी यादव शिक्षिका रहती हैं। जी बलौदा जीडी कॉलोनी में चोरों ने धावा बोल दिया। जहां नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के 5 मकानों में चोरी की



घटना को अंजाम दिया। कॉलोनी में प्रवेश करते ही सबमे पहले तहसीलदार के एफ टाइप की क्वार्टर मे अलमारी को तोड़कर नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लेकिन यहां भी उन्हें ज्यादा कुछ नहीं मिला। फिर प्रधान पाठक सुशील साहू के मकान पर चोरों ने उसी तरीके से मकान का कुंडी को काटकर अंदर घुसे और अलमारी में रखे नगदी 10 हजार 6 नग सोने की फूली, 25 नग चांदी सिक्के सहित 2 जोड़ी पायल पार कर दिया। दुर्गेश सांडिल्य बलौदा के छात्रावास में अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। इनके यहां भी चोरों को कुछ नहीं मिला।सवा लाख की चोरी हुई है। यहां अधिकांश अधिकारी कर्मचारी ही रहते हैं, लेकिन वे छुट्टी होने के कारण शनिवार से ही अपने घर चले जाते हैं। ऐसे में मकान शनिवार व रविवार को सूना ही रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोला। पहले रेकी किए फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया। रविवार को आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दी। तब पुलिस तत्काल तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। हालांकि इससे कोई मदद नहीं मिली, वह कॉलोनी में जाकर भटक गया। पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।



## पहचान मिट रही हाट बाजार की

**सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में विकास कार्यों के लिए हर साल करोड़ो रुपये की स्वीकृति मिलती है। जिससे नगर में तमाम निर्माण कार्य हो पाता है। वही कुछ गलत रणनीति के कारण नगर में कुछ ऐसे भी निर्माण कार्य हुए है। जो असफल साबित हुए है। जिनका सालो से निर्माण पूर्ण होने के बाद भी उपयोग नही हो पा रहा है।

जिससे कहना लाजमी होगा की इसमें लाखो रुपये का दुरुपयोग हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण नगर का हाट बाजार निर्माण कार्य है। जो छह -सात साल पूर्व बनकर तैयार हो गया है। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने ही हाट बाजार का निर्माण कराया गया था।

जिसे पूर्ण हुए सालों हो गए है। मगर आज तक यहां न तो बाजार लगी है और न ही किसी तरह की कोई दुकानें सजी हैं। नगर में सोमवार एवं शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इसके लिए यहां पर्याप्त जगह भी है। उसके बाद भी उक्त हाट बाजार का उपयोग नहीं हो रहा है।

**बिना लोकार्पण हो रहा जर्जर**

नगर में जिस स्थान पर हाट बाजार का निर्माण कराया गया है। वह नगर के अंतिम छोर में स्थित हैं। यही कारण है कि उस स्थान में आज तक दुकाने नही लगी। वही इस दिशा नगर पंचायत द्वारा भी कोई उचित कदम नही उठाया गया। हालात यह है कि उक्त हाट बाजार अब जर्जर होने लगा है।



## केराकछार में हो रहा है अवैध रेत का खनन

**पंतोरा।** चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केराकछार में अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जा रहा है। ट्रैक्टर और टीपर वाहन के माध्यम से निकाला जा रहा है। इस पर खनिज विभाग भी कोई कार्रवाई नहीं की कर रहे हैं। ग्राम केराकछार से सरपंच ने रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में जिले के पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और खनिज विभाग में शिकायत की थी। मामला कुछ दिन शांत भी रहा था लेकिन रेत के माफिया फिर से रेत उत्खनन करना शुरू कर दिए।

## बारिश थमने के बाद बढ़ गया अधिकतम तापमान

**जांजगीर।** बारिश थमने के बाद तापमान में बढ़ोतरी हो गई है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री के आसपास रहा। इसके कारण लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक बारिश नहीं होगी, लेकिन मौसम शुष्क रहेगा और मानसून अभी भी सक्रिय है। इससे कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# नि:शुल्क बिजली लोगों को मिलेगी पीएम शौर्यघर से

**चांपा।** चांपा जिले के वृत्त कार्यालय में प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की सुचारू कार्य और प्रगति के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें अधीक्षण अभियंता जांजगीर अमर चौधरी ने योजना का लाभ जिले के समस्त उपभोक्ताओं दिलाने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। चांपा डिवीजन के नोडल अधिकारी महेश जायसवाल नोडल द्वारा सक्ती व अकलतरा डिवीजन के समस्त सहायक अभियंताओं को योजना के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। वर्कशॉप में बताया गया कि योजना अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर पोर्टल में जा कर रजिस्ट्रेशन करना है।

इसमें 1 किलोवाट के कनेक्शन में अनुमानित खर्चा 60 हजार रुपए है। इसमें 30 हजार रुपए सब्सिडी है। बताया गया कि यदि उपभोक्ता 2 किलोवाट का सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो आपको योजना के तहत 60 हजार रुपए सब्सिडी राशि मिलेगी। अनुमानित लागत 1 लाख 20 हजार रुपए आएगी। इसी तरह यदि आप पीएम सूर्य घर के माध्यम से 3



किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित करते हैं तो सब्सिडी राशि के रूप में 78 हजार रुपए मिलेंगे। अनुमानित लागत 1 लाख 80 हजार रुपए आएगी।

केंद्र सरकार भारत के प्रत्येक जिले में कम से कम एक गांव को आदर्श सौर गांव के रूप में विकसित करेगी। इससे अन्य गांव भी सौर ऊर्जा के प्रति प्रेरित होंगे और इसके बारे में जागरूक होंगे। छतों पर 1 करोड़ सोलर प्लांट लगाने से युवाओं के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं।

क्योंकि मंत्री द्वारा घोषित आंकड़ों के अनुसार सोलर तकनीशियन, रखरखाव इंजीनियर, विनिर्माण इकाइयों आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1.7 मिलियन नौकरियां पैदा होंगी। सौर पैनल लगाने से प्रदूषण में कमी की संभावना होगी। इस योजना के कारण, छत पर सौर पैनल लगाने वालों को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। बैठक लेते अधीक्षण यंत्री व अन्य।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान कॉलेज परिसर साफ किए

**अकलतरा।** नगर के शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर की सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने बोटेनिकल गार्डन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रांगण, प्रार्थना स्थल व साइकिल स्टैंड में झाड़ू लगाई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. यूएन कुर्रे ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है।

इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने के साथ लोगों को जागरूक भी करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि कॉलेज परिसर को स्वच्छ रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा साफ-सफाई का कार्य करने के साथ स्वच्छता के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पहुंच मार्ग पर पार्किंग, बढ़ी परेशानी

**अकलतरा।** शहर में महामाया मंदिर जाने वाला मुख्यमार्ग इन दिनों अवैध पार्किंग बना हुआ है। स्टेशन रोड से पुरानी बस्ती को जोड़ने वाले इस रास्ते में लोगों के अवागमन की सुलभता के साथ ही पुरानी बस्ती को मुख्य बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से रामसागर तालाब में पुल का निर्माण किया गया है। लेकिन यह पुल अवागमन के लिए कम और लोगों के कार पार्किंग के लिए ज्यादा उपयोग हो रहा है। हालात यह है कि पूरे रास्ते में लोग अपनी वाहनों को खड़ा करके रखते हैं। जिससे इस मार्ग से होकर पुरानी बस्ती जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पुरानी बस्ती नगर की प्रमुख और सघन आबादी वाली बस्ती है, जहां लगभग शहर की आधी आबादी निवास करती है। पुरानी बस्ती में निवास करने वाले लोग रेलवे स्टेशन और बाजार आने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। वहीं इसी मार्ग में रामसागर तालाब के तट पर नगर की कुलदेवी मानी जाने वाली मां महामाया देवी का प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर भी है,

जहां नवरात्र या अन्य पर्व के अलावा आमदिनों में भी स्थानीय व अन्य स्थान से श्रद्धालुओं का आना होता है। पहुंच मार्ग होने के कारण आमतौर पर लोग दो पहिए या चार पहिए वाहनों से मंदिर जाते हैं। लेकिन इस मार्ग में सड़क किनारे खड़े वाहन परेशानी का कारण बनते हैं। लेकिन इन वाहनों को हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई पहल नहीं की जाती।

**पुल को बना लिया स्थाई पार्किंग**-रामसागर तालाब और महामाया मंदिर को जोड़ने वाली पुल में लोगों के द्वारा अवैध रूप से पार्किंग तो किया ही जा रहा है। कुछ लोगों के द्वारा यहां कार रखने के लिए स्थाई पर्किंग बना लिया गया है। जो इस मार्ग से अवागमन करने वालों के लिए परेशानी कारण बन जाता है।

**हाट बाजार बिना उपयोग हो रहे जर्जरहाट बाजार बिना उपयोग हो रहे जर्जर**

यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए दो दिन पूर्व ही नगर के शास्त्री चौक में कार्रवाई की गई है। अगर महामाया मंदिर पहुंच मार्ग में भी अवैध पार्किंग की समस्या है तो तहसीलदार और नगरपालिका की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की जाएगी। नवरात्र से पहले ही व्यवस्था दुरूस्त करने के प्रयास किए जाएंगे।

मणिकांत पांडेय
थाना प्रभारी अकलतरा

# लकड़ी व कपड़े का उपयोग कर पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा में दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। घटना में घायल युवक के घर तक सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। घायल को पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कंधे में ढोकर सड़क तक लाया। फिर पुलिस के वाहन से घायल को कुसमी अस्पताल में भर्ती किया गया। कुसमी के सेमरा उपरपारा में दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया।

इस दौरान एक भाई ने अपने सगे भाई के ऊपर डंडे से वार कर दिया। घटना में छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट करने वाले बड़े भाई ने घायल को घर में छोड़कर दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद वह घटनास्थल से फरार हो गया। कुसमी पुलिस घटनास्थल पहुंची तो घर का दरवाजा बंद मिला। बड़ी मुश्किल से घर का दरवाजा खोलकर घायल को बाहर निकाला गया। घटनास्थल तक वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण पुलिसकर्मियों ने घायल को ले जाने लकड़ी और कपड़े के सहारे वैकल्पिक उपाय बनाया। उसी में घायल को लिटाया गया। चार लोग उसे कंधे में उठाकर लगभग दो किमी दूर सड़क तक ले गए। वहां पहले से ही पुलिस की वाहन खड़ी थी। उसी वाहन से घायल को कुसमी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का उपचार चल रहा है। मारपीट करने वाले आरोपित भाई को हिरासत में ले लिया गया है।

## बच्चों को मोबाइल की लत से बचने के लिए स्कूल ने निकाला नायाब तरीका

### सोशल मीडिया में जमकर हो रहा है वायरल



**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुजगंज स्कूल के असेंबली में जैसे ही दो बच्चों के आंखों में पट्टी लगी हुई एवं खून बहता हुआ पहुंचे तो पूरे स्कूल के बच्चों के बीच अफरा तफरी मच गई बच्चे रोने लगे स्कूल की अध्यापिका दोनों बच्चों को लेकर बच्चों के बीच से गुजरने लगी तो बच्चों को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर में हुआ कैसे कुछ देर में पता चला कि लगातार मोबाइल देखने के कारण आंखों में ऐसा हुआ। यह पूरा वाक्या कन्हर वेली पब्लिक स्कूल का है यहां बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने के लिए स्कूल प्रबंधन के द्वारा इस प्रकार का ड्रामा रचा गया। आजकल बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत अभिभावकों के लिए चिंता का विषय हो गया है अभिभावकों के लाख समझाने के बाद भी बच्चे मोबाइल देखने से बाज नहीं आ रहे हैं अभिभावकों के द्वारा स्कूल में हमेशा शिकायत की जाती है कि बच्चे दिनभर मोबाइल देख रहे हैं स्कूल के द्वारा भी समझाइए देने की पूरी कोशिश की जाती है परंतु बच्चों पर कोई असर नहीं पड़ता है। बच्चों के दिलों दिमाग में गहरा असर छोड़ने के लिए नगर के कनहर वैली पब्लिक स्कूल के द्वारा एक नायाब ड्रामा रचा गया अचानक से स्कूल के असेंबली में स्कूल की अध्यापिका दो बच्चों को लेकर बच्चों के बीच आई जिनकी एक आंख में पट्टी लगी हुई थी एवं खून बह रहा था बच्चे देखते के साथ सभी रोने लगे तभी मैडम ने बताया कि उनके द्वारा मोबाइल बहुत देखा जाता था जिसके कारण ऐसा हुआ। जब दोनों बच्चों को स्कूल की असेंबली के बीच से ले जाया जाने लगा इसी बीच जब स्कूल के अन्य स्टाप के द्वारा बच्चों को मोबाइल दिया जाने लगा तो बच्चे मोबाइल छूने से भी डरने लगे। कन्हर वैली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राहुल सोनी ने बताया कि बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने के लिए हम लोगों ने ऐसा किया।

# इलाके में किन्नरों की दादागिरी से व्यापारी त्रस्त

**रामानुजगंज।** झारखंड से रामानुजगंज आने वाले किन्नरों के समूह से रामानुजगंज के व्यापारी सहित आमजन आतंकित हो रहे हैं बधाई मांगने के नाम पर किन्नरो की गुंडागर्दी खुलेआम देखने को मिल रही है विगत कई माह से ऐसा सिलसिला चल रहा है। बधाई मांगने के नाम पर दिन प्रतिदिन किन्नरों के समूह की दादागिरी बढ़ते जा रही है स्थिति यह हो रही है कि जिसके घर में भी किन्नर जा रहे हैं वह डर सहम जा रहे हैं उनका डिमांड इतना अधिक रहता है कि गरीब तबके के लोग बहुत मुश्किल से दे पा रहे हैं।

शनिवार को वार्ड क्रमांक 13- 14 के कई घरों के लोग काफी दहशत में रहे। झारखंड के गढ़वा से स्कॉर्पियो वाहन से आए 8 किन्नरो के समूह द्वारा बधाई देने के नाम पर आधा दर्जन से अधिक घरों में करीब दो घंटे तक आतंक फैलाते हुए 11 हजार से लेकर 21 हजार तक पैसे का डिमांड करने लगे। वार्ड क्रमांक 13-14 में निवास करने वाले कई घरों में मजदूर तबके के लोग निवास करते हैं उनकी स्थिति ऐसी नहीं रहती कि वह सौ रुपए भी दे सकें परंतु किन्नरों के समूह द्वारा उनको आतंकित करते हुए पैसा मांगा जाता रहा जब कुछ लोग पैसा नहीं दे पाए तो उनके कान की बाली, हाथ का कंगन तक उतरवा लिया कुछ लोगों ने बताया कि पैर के पायल तक उन लोगों के द्वारा ले लिया गया। जिस घर में वे जाते हैं सबसे पहले उस घर के छोटे बच्चों को गोद में लेकर गाना बजाना शुरू कर देते हैं जिसके बाद पूरा घर दहशत में आ जाता है एवं इसके बाद से ही किन्नरों का खेल शुरू होता है एवं मजबूरी में लोगों को पैसा देना पड़ता है। किन्नरो की कद काठी काफी हष्ट पुष्ट है जिसके घर में जाते हैं सभी दहशत में आ जाते हैं उनके द्वारा ऐसा ऐसा बात बोला जाता है कि कोई उनसे बहस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है लोग इस प्रकार से दहशत में है को जिन लोगो से उनके द्वारा पैसा एवं सोना ले लिया गया है वह कुछ भी कहने तक को तैयार नहीं है। डर के मारे घर के बाहर लगा लिया ताला जब शनिवार को किन्नर का आतंक चल रहा था इसकी जानकारी लोगों को लगी तो कुछ लोग अपने घर के बाहर ताला लगा दिए। परंतु वे समझ गए कि घर में ताला लगाकर कहीं आसपास ही है तो वह काफी देर घर के बाहर खड़े रहे एवं काफी भद्दी भद्दी गालियां दी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक वैभव वैकर रमनलाल ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है अगर ऐसा हो है तो उन्हें इस प्रकार से भयादोहिता नहीं करने दिया जाएगा तत्काल पुलिस इसमें संज्ञान लेगी।

## नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के भिलाई सुपेला में एक नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक व्यक्ति ने सुपेला थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके 12 वर्षीय बच्चे को सुपेला मराठी मोहल्ला में रहने वाले मयुरेश मेश्राम बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया तथा उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए सुपेला पुलिस ने तत्काल युवक घेराबंदी कर पकड़ लिया।

## रेलवे 6 स्पेशल ट्रेनों का करेगा संचालन

**रायपुर।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। (1) 08893 गोंदिया - सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 04 एवं 09 अक्टूबर 2024) (2) 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए सांतरागाछी से 05 एवं 10 अक्टूबर 2024) (3) 08895 गोंदिया छपरा छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) (4) 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए छपरा से 04 एवं 5 नवंबर 2024) (5) 08897 गोंदिया - पटना छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) (6) 08898 पटना - गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए पटना से 04 एवं 05 नवंबर 2024) शामिल हैं।

# सहायक शिक्षक से 1180 बने थे प्रधान पाठक 2 वर्ष बाद हो पाई काउंसलिंग एवं पदस्थापना

**बलरामपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अंतर्गत 6 विकासखंडों कि 1180 प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षकों की प्रधान पाठक में पदोन्नति हुई थी उनकी पदस्थापना 14 अक्टूबर 2022 को होना था। परंतु विवाद एवं पैसे के लेनदेन के कारण पदस्थापना एवं काउंसलिंग रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद से ही आज तक पदस्थापना नहीं हो पाई थी। हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय ओपन काउंसलिंग 26 सितंबर से 29 सितंबर के बीच नगर के उड़ान में आयोजित की गई जिसमें जिसमें कल 741 सहायक शिक्षकों की प्रधान पाठक के रूप में पदस्थापना की गई।

जिले के सहायक शिक्षकों के प्रधान पाठक के रूप में पदोन्नति होने के करीब 2 वर्ष के बाद भी पदस्थापना नहीं हो पाई थी पैसे के लेनदेन एवं विवाद के कारण तात्कालिक कलेक्टर विजय दयाराम के के द्वारा काउंसलिंग एवं पदस्थापना रद्द कर दिया गया था जिसके बाद कुछ सहायक शिक्षक हाई कोर्ट के शरण में भी गए थे हाई कोर्ट के द्वारा करीब 1 वर्ष पूर्व ही हाईकोर्ट के द्वारा भी काउंसलिंग एवं पदस्थापना जिला स्तर का समिति बनाकर किए जाने का निर्देश दिए गए थे परंतु हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी काउंसलिंग एवं पदस्थापना में देरी हो रही थी। लगातार शिक्षक संगठनों के द्वारा काउंसलिंग एवं पदस्थापना की मांग की जा रही थी। इस बीच जिला शिक्षा अधिकारी डॉ डी.एन. मिश्रा के उपस्थिति में जिला जेल रोड में स्थित उड़ान में 26 सितंबर से लेकर 29 सितंबर के बीच काउंसलिंग एवं पदस्थापना की गई। सहायक शिक्षकों के प्रधान पाठक के रूप में पदोन्नति के बाद कई बार लेनदेन एवं विवाद की बातें सामने आई। तात्कालिक जिला शिक्षा अधिकारियों के द्वारा काउंसलिंग एवं पदस्थापना नहीं कराया जा सका। इस बीच 26 सितंबर से लेकर 29 सितंबर के बीच हुई काउंसलिंग एवं पदस्थापना में की वीडियोग्राफी भी कराई गई। जिले के सभी विकास करो से चार दिनों तक हुए काउंसलिंग एवं पदस्थापना में शिक्षक चार चक्का वाहन एवं बाइक से पहुंचे थे सुबह से लेकर शाम तक उड़ान के अंदर एवं बाहर मेले जैसा माहौल बना रहा।

# लिखा है: पानी में कचरा फेंकोगे,जुर्माना भरोगे, लोगों ने वहीं फेंक दिया

**अंबिकापुर।** नगर में स्वच्छता को लेकर जहां स्वच्छता दीदियां सुबह से शाम तक जूझ रही हैं वहीं शहर के नागरिक उनका साथ नहीं दे रहे। नगर के दीवान तालाब में सुंदरीकरण के बाद तालाब किनारे एक दीवार में लिखा गया है कि पानी में कचरा फेंकोगे, जुर्माना भरोगे, बावजूद इसके लोगों ने यहीं कचरे का अंबार लगा दिया है। कचरा फेंककर तालाब में गंदगी किया है। यह गंदगी शहर के कुछ लोग ही फैला रहे हैं। ऐसे लोगों पर एक बार फिर नगर निगम को कार्रवाई करने की जरूरत है।




नगर निगम अंबिकापुर को स्वच्छता के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। छोटे शहरों में अंबिकापुर कई वर्षों तक नंबर वन की ख्याति पर स्थापित था। गत वर्ष कुछ कमियों के कारण अंबिकापुर शहर को नंबर वन से फिसलकर कर 27 वें नंबर पर सिमटना पड़ गया। एक बार फिर नगर निगम ने स्वच्छता के पहले पायदान को हासिल करने व शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने की कवायद शुरू की है, इसमें शहर की खस्ताहाल सड़कें जरूर आड़े आ रही हैं किंतु स्वच्छता दीदियां स्वच्छता के कार्य में पूरी ताकत झोंक चुकी हैं। हर रोज घर-घर कचरा संग्रहण कर रही हैं।इसके बाद भी शहर के कुछ लोग सड़क व नालियों में कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे। पूर्व में नगर निगम ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी कर चुका है।जुर्माने की बड़ी राशि वसूल चुका है किंतु यह सब गतिविधियां बंद होने के बाद एक बार फिर ऐसे लोगों ने शहर के सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना शुरू कर दिया है। तालाबों का सुंदरीकरण भी स्वच्छता अभियान के तहत चल रहा है। कई तालाबों को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा चुका है।शहर के बीचों बीच स्थिति दीवान तालाब को भी सुंदरीकरण किया गया था।यहां चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाया गया था। कई धार्मिक, सामाजिक आयोजन भी यहां होते हैं किंतु लोगों ने इस तालाब को भी मलिन करने कोई कसर नहीं छोड़ी है। दीवान तालाब सहित शहर के कई तालाबों व नदी तट पर नगर निगम ने बड़े-बड़े कलश कुंड स्थापित किया था जिसमें यह हिदायत थी कि घर से निकलने वाले फूलों और अन्य पूजन सामग्रियों को तालाब में डालने के बजाए कुंड में डालें। कुछ दिनों तक लोगों ने ऐसा किया भी किंतु अब कुंड ही ऐसे स्थानों से गायब हैं। दीवान तालाब से भी वह कुंड गायब है जिसमें पूजन सामग्री प्रवाहित की जाती थी। पिछले दिनों शहर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को शहर के अधिकांश तालाबों में मनाही के बाद भी विसर्जित कर दिया गया। बड़े पैमाने पर छोटी, बड़ी प्रतिमाओं को बेतरतीब ढंग से शहर के सुंदरीकरण किए गए तालाबों में विसर्जित किए जाने से चारों ओर गंदगी फैल गई है। इन तालाबों की साफ सफाई में अब नगर निगम को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ेगी।

# जीविका जीवन के लिए बल्कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए हो:स्वामी निश्चलानंद

**अंबिकापुर।** पुरी पीठधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि जीविका जीवन के लिए नहीं बल्कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए हो। जीवन में सद्भाव व समभाव पर मानव को बल देना होगा। घर व समाज में इसी भाव से आगे बढ़ना होगा। विद्या, बल, बुद्धि एवं सेवा की उपयोगिता जीवन में होनी चाहिए। इंसान पेट व परिवार तक ही सीमित न रहे। दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार रखे तभी आपको वैसा व्यवहार सामने वाले से मिल पाएगा। रविवार दोपहर शहर के नारायणी परिसर में आयोजित धर्मसभा में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने ये बातें कही। तीन दिवसीय अंबिकापुर प्रवास के दौरान शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का अंतिम कार्यक्रम धर्मसभा के रूप में आयोजित हुई। सरगुजा संभाग से बड़ी संख्या में जुटे लोगों को पुरी मठाधीश्वर ने मानवसेवा, ईश्वर के प्रति समर्पण, सनातन से जुड़ाव के साथ हिंदू राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंसक व्यक्ति भी दूसरों के प्रति अहिंसा की भावना रखता है। इसलिए जीवन में सामंजस्य साध कर दूसरों से व्यवहार करना चाहिए। मृत्यु लोक में दुख, मोह, शोक को कभी नहीं छोड़ सकते। इस भागदौड़ की जिंदगी में यदि हम गाढ़ी नींद नहीं लेते हैं तो विक्षिप्त हो सकते हैं।



स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने हर हिंदू परिवार को रोज एक रुपये सेवा कार्य के लिए देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन एक रुपये देने के साथ एक घंटा का समय भी निकालें। इस समय में समाज सेवा के साथ मठ-मंदिर एवं धर्मार्थ कार्य में योगदान दें। ऐसा नित्य करने से आपकी 80 प्रतिशत समस्या दूर हो जाएगी। इसी से हिंदू समाज मजबूत होगा और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा सफल होगी। स्वामी निश्चलानंद महाराज ने धर्मसभा में भी राजनेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनेता शब्दभेदी बाण में चतुर होते हैं। उन्हें फूट डालकर राज करना ही आता है। कुछ वर्ष पूर्व जब देश के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे तब गुजरात के मुख्यमंत्री की बागडोर नरेन्द्र मोदी के हाथ में थी। इस दौरान मोदी कहते थे कि केंद्र सरकार गो हत्या पर कड़ाई से रोक लगाएं। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो गो हत्या रुकने की उम्मीद थी लेकिन अब तो सीधे विदेशों तक गोवंश भेजे जा रहे हैं। भारत को भारत के रूप में स्थापित करने आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। धर्मसभा शुरू होने से पूर्व सरगुजा के लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर लयबद्ध लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर शंकराचार्य का स्वागत किया। सभा स्थल में लोक नर्तक मंच तक देसी वाद्यों के साथ गाते-बजाते पहुंचे और शंकराचार्य का आशीर्वाद लेते हुए बाहर निकले। उनकी प्रस्तुति की स्वामी निश्चलानंद ने खूब सराहना की। अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव की उपस्थिति में शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में 19 परिवार के दर्जनों लोगों ने की घर वापसी कराई गई। घर वापसी के सूत्रधार रहे आचार्य दिनेश मिश्रा के इस कार्य की शंकराचार्य ने सराहना की। आचार्य मिश्र ने नईदुनिया से चर्चा में बताया कि अंबिकापुर व लखनपुर विकासखंड में निवासरत ये परिवार कुछ साल पूर्व ईसाई धर्म को अपना लिए थे। हिंदू उरांव जाति के इन परिवारों तक आचार्य मिश्रा की पहुंच थी। वे अक्सर तीजा व जितिया पर्व के दौरान इन घरों में कथा सुनाने पहुंचे रहे। इस दौरान इन सभी परिवार के लोगों ने घर वापसी की इच्छा जताई। आचार्य मिश्रा ने सबसे पहले उनके घरों में तुलसी व नीम का पौधा लगवाया। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी परिवार के लोगों ने शंकराचार्य के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में दोबारा घर वापसी की। हिंदू धर्म में दोबारा वापसी करने वालों को आचार्य मिश्रा ने चंदन लगा माला पहनाई। प्रबल प्रताप सिंहदेव ने इन परिवार के लोगों को वस्त्र वितरण किया।

# सड़क पर युवक की लाश रखकर किया प्रदर्शन,लगा जाम

**रायपुर।** रविवार को रायपुर के टाटीबंध-भनपुरी रोड में लोगों ने सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव रखकर प्रदर्शन किया। युवक की मौत से गुस्साये लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। जिसके बाद तहसीलदार व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाकर मामला सुलझा लिया।

बता दें कि टाटीबंध से भनपुरी जाने वाले मार्ग में शनिवार को एक तेज रफ्तार बस के चालक ने मोटरसायकिल सवार मोहम्मद तौफिक को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हादसे में तौफिक गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर आमानाका थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया तथा रविवार को पोस्टमर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था। किंतु परिजन युवक के शव को अंतिम संस्कार के लिए न ले जाकर एंबुलेंस को सीधे टाटीबंध चौक ले गये तथा वहां युवक के शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन से वहां आधे घंटे में ही लंबा चक्का जाम लग गया। इसकी खबर मिलते ही वहां पुलिस अफसर पहुंचे समझाने का प्रयास किया किंतु प्रदर्शनकारी दो लाख रूपये मुआवजा तथा आरोपी बस चालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करने लगे। कुछ देर बाद वहां तहसीलदार भी पहंच गये और परिजनों को तत्काल 25 हजार रूपये मुआवजा की राशि प्रदान की तथा आरोपी पर सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन लाश लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय डकैत,माल खपाने वाला भी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने अंतरराज्यीय डकैत गिरोह के एक आरोपी और डकैतों का खपाने वाले एक एजेंट को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। डकैत को अंजोरा थानाक्षेत्र में हुई डकैती के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

रविवार को प्रेस वार्ता में एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अंजोरा थाना अंतर्गत रसमड़ा निवासी दिलीप टिंबर के मालिक दिलीप मिश्रा के घर 7 अगस्त मध्य रात्रि डकैतों ने धावा बोलकर पति-पत्नी को बंधक बना लिया था। डकैतों ने उनके हाथ पांव बांधकर आलमारी तोड़कर उसमें रखे करीब 35 तोला सोना और 26 हजार रुपए कैश लेकर फरार हो गए थे। दिलीप मिश्रा ने अंजोरा थाना में डकैती की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने 22 दिनों तक मध्यप्रदेश के झाबुआ में कैंप लगाकर भील गिरोह के डकैती में शामिल भंगू डावर, निवासी- नरवानी, जिला धार को गिरफ्तार किया। वहीं डकैती का सोना-चांदी खपाने वाले एजेंट भूरसिंह उर्फ भूरिया, निवासी जिला धार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि डकैत गिरोह के दिलीप, गणपत, भाया, अनिल राठौर, अनिल बघेल फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** धनलक्ष्मी नगर भनपुरी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र निषाद 38 वर्ष धनलक्ष्मी नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 7837 को अपनी घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## लग्जरी कार से गांजा तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने गांजा तस्करी करते अर्टिगा कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 किलो गांजा जब्त किया है।

# महिला फरार,बच्चों ने कहा-बिकवाती थी गांजा व शराब

**अंबिकापुर।** गांजा व शराब बिक्री नहीं करने के कारण बच्चों की अमानुषिक पिटाई करने वाली महिला प्रतिमा सिंह फरार हो गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। महिला के छिपने के संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही उसके जान पहचान वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर दो -तीन वीडियो तेजी से प्रसारित हुए थे। इन वीडियो में बेबस बच्चों को एक महिला प्लास्टिक के पाइप से मार रही थी। बिलखती बालिका छोड़ देने की गुहार लगा रही थी लेकिन महिला उसे और अमानुषिक तरीके से पीट रही थी। पुलिस ने इन वीडियो को संज्ञान में लिया था। जांच में पता चला कि वीडियो अंबिकापुर के मठपारा क्षेत्र का है। महिला की पहचान प्रतिमा सिंह के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात निकलकर सामने आई थी कि महिला द्वारा गांजा व शराब बिक्री के लिए बच्चों को मोहरा बनाया जाता है। जिस बच्ची की वह पिटाई कर रही थी,वह बिना बताए चली गई थी। इसी कारण महिला ने उसे बुरी तरह से पीटा था। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश पर महिला प्रतिमा सिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 146 तथा किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम की धारा 75 व 77 के तहत अपराध पंजीकृत किया गया था। पुलिस के संज्ञान में मामला आते ही महिला घर छोड़कर फरार हो गई थी।

वीडियो प्रसारित होने के तत्काल बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी लेकिन दूसरे दिन भी वह पकड़ में नहीं आई है। महिला के संबंध में पुलिस तक जो जानकारी पहुंची है उसके मुताबिक रिश्तेदारों से भी उसका संबंध ठीक नहीं है। बच्चों को ढाल बनाकर गांजा व शराब की बिक्री करने के कारण मोहल्ले वाले भी उससे परेशान थे। लेकिन कोई भी सीधे तौर पर शिकायत करने सामने नहीं आ रहा था। वीडियो प्रसारित होने के बाद महिला की करतूतों का पुलिस को पता चल चुका है। मोहल्ले के लोगों से कई अहम जानकारी मिली है। प्रसारित वीडियो के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों को जांच में लगाया गया था। वीडियो में जिन बच्चों की पिटाई हो रही थी और जो बचाव के लिए सामने आ रहे थे, उनमें से कई की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उन बच्चों का बयान दर्ज कराया है। बयान में महिला पर लगे आरोप प्रमाणित हुए हैं। बच्चों ने बताया है कि महिला जबरदस्ती उनसे गांजा व शराब की बिक्री करवाती थी। पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने भी उक्त तथ्य की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि महिला फरार हो गई है। उसकी खोजबीन की जा रही है।

## युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम सांकरा के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मृतक प्रदीप कुर्रे 28 वर्ष गोवर्धन नगर आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रदीप अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सांकरा के पास हाइवा क्रमांक सीजी 08 एएच 9478 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रदीप की मौत हो गई।

## बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी आमानाका निवासी मृतक मोहम्मद ताफीक 20 वर्ष वर्ष अपने दोस्त घनश्याम यादव 40 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास बस क्रमांक सीजी 07 सीटी 7812 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर।** कुशालपुर स्थित नेस्ट कार आटो डीलर से आरोपी ने क्रेटा कार लेकर किसी दूसरे के पास बेच दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अभिषेक देवांगन 36 वर्ष ढेबर सिटी भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी पुराना वाहन खरीदी बिक्री का काम करता है।

# केबिनेट मंत्री देवांगन ने आम नागरिकों के साथ सुनी मन की बात



कोरबा । रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 114वें एपिसोड को प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने भाजपा के पदाधिकारियों और आम नागरिकों के साथ सुनी।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की वास्तव में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में छिपी हुई प्रतिभाओं, देश के विकास में योगदान देने वालों को आगे लाने के लिए बेहतर मंच साझा कर रहे हैं। ताकि ऐसे लोगों से देश की जनता प्रेरणा ले सकें और खुद अपने परिवार, समाज व देश के विकास में भूमिका निभाएं।आज प्रधानमंत्री ने स्वभाव, स्वच्छता और संस्कार की दिशा में देश में हो रहे सकारात्मक परिणाम पर प्रकाश डाला। देश की जनता इस कार्यक्रम को सुनकर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम को 10 साल पूरे हो चुके हैं।

## कैबिनेट मंत्री देवांगन ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

मन की बात, सदस्यता के साथ अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 16 के बूथ क्रमांक 76, 77 में आम लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पार भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड के पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, माधव जायसवाल, सुरेंद्र बहादुर सिंह, अनिल यादव सहित अधिक संख्या में वॉर्डवासी उपस्थित रहे।

## न्याय यात्रा में शामिल हुए राजपूत

कोरबा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में स्थाई पदयात्री के रूप में कोरबा जिला से एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव विशाल राजपूत शामिल हुए। श्री राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ पिछले 9 महीनों से भाजपा के शासनकाल में गंभीर संकट से गुजर रहा है। अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गए हैं। हाल की घटनाएं, जैसे बलौदा बाजार में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी , कांग्रेस के विधायक सहित प्रदेश बहुत से कांग्रेसी नेता की अन्याय पूर्ण गिरफ्तारी और कवर्धा में साहू समाज के तीन युवाओं की दुर्भाग्यपूर्ण मौत, सरकार की विफलताओं को उजागर करती हैं। शांति का टापू कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ अब अपराध का गढ़ बन गया है, आए दिन अपराध के नए-नए किस्से सुनने और देखने को मिलते हैं। जनता का सरकार की गूंगी-बहरी भूमिका से भरोसा टूट गया है।

# रंग भरो चित्रकला पेन्टिंग विविध वेषभूषा प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



कोरबा । महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का अयोजन में आज श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोंजित प्रतियोगिता में श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में सुबह 10:00 बजे रंग भरो प्रतियोगिता दो वर्ग में वर्ग अ- कक्षा 2 तक के बालक बालिका के लिए वर्ग ब - कक्षा 3 से 5वीं तक के बालक एवं बालिका के लिए जिसमें 130 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया चित्रकला प्रतियोगिता सुबह 10:30 बजे जो कक्षा 6 से 8वीं तक बच्चों के लिए जिसमें 60 प्रतिभागियो ने हिस्सा लियापेन्टिंग प्रतियोगिता सुबह 11:00 बजे कक्षा 9 से 12वी बालक बालिकाओं जिसमें 35प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया बैलून इन द हेड प्रतियोगिता सुबह 11:30 बजे जिसमें 40 प्रतिभागियो ने हिस्सा लियाजनरल नॉलेज प्रतियोगिता वर्ग अ में कक्षा 5 से 8वीं तक बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ग ब कक्षा 9 से 12वीं तक बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 65 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया

विविध वेश भूषा प्रतियोगिता शाम 05: 00 बजे वर्ग अ में कक्षा 4 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ग ब कक्षा 5 से 8वीं तक बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 90 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया राजनैतिक सामाजिक व अन्य विषयों पर विविध वेश भूष में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 30.09.2024 सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में दोपहर 3:30 बजे हाउजी प्रतियोगिता व शाम 4:00 बजे से नाटक प्रतियोगिता का अयोजन किया गया ।

# रेलवे कर्मचारी सहकारी सोसाइटी का चुनाव संपन्न



कोरबा। SECR, SER, एवं ECoR के रेलवे कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी लिमिटेड( RBAN BANK) के BOARD OF DIRECTORS के चुनाव में श्रमिक यूनियन के 34 साल पुराने स्वराज को ध्वस्त कर दिया गया है अब तक उन्हें रेलवे के जिन यूनियन का साथ मिलता रहा वह भी साथ छोड़ गए ।नतीजा 18 में से 16 डायरेक्टर के सीट पर श्रमिक यूनियन को हर का सामना करना पड़ा वहीं मजदूर कांग्रेस ने और यूनियन का साथ पाकर परिवर्तन पैनल बनाया और अपनी पकड़ मजबूत कर ली है 9 साल बाद हुए अर्बन बैंक चुनाव को लेकर रेलवे कर्मचारी में जबरदस्त उत्साह था। शनिवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कोलकाता के गार्डन रीच में मतदान हुआ इसमें 668 मतदाताओं (डेलीगेट) ने भाग लिया इन मतदाताओं ने डायरेक्टर के 18 व वेलफेयर डायरेक्टर के एक पद के लिए मतदान किया। 18 डायरेक्टर में से दो महिला और एक एससी एसटी की उम्मीदवार चुनना था जिसमें मजदूर कांग्रेस के द्वारा बनाया गया परिवर्तन पैनल ने 18 में से 16 पर ऐतिहासिक जीत हासिल की। अर्बन बैंक डेलीगेट हेतु 24, 25 अगस्त 2024 को तीनों जोन में 691 डेलीगेट हेतु मतदान हुआ था जिसमें किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और सत्ता परिवर्तन करने के लिए मजदूर कांग्रेस ने एलार्सा, गार्ड काउंसिल निर्दलीय आदि संगठनों को मिलाकर एक परिवर्तन पैनल बनाया और इस परिवर्तन पैनल ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। डायरेक्टर के इस चुनाव में कोरबा से 2 जिते हुए डेलीगेट आनंद कुमार गुप्ता और नरेश त्रिवेदी शामिल हुयें।

## लोड बढ़ने पर बिजली ट्रिपिंग की हो रही समस्या

कोरबा। 5 दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश रविवार को थम गई पर इससे उमस बढ़ गई। इस कारण एसी, पंखे के उपयोग से उपकरणों पर लोड बढ़ा तो शहर में बिजली ट्रिपिंग की समस्या सामने आई। रविवार दोपहर से रात 8 बजे तक बिजली वितरण कंपनी शहर के तुलसी नगर जोन स्थित टीपी नगर, पुराने कोरबा शहर में बिजली की ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान रहे। बारिश थमने के बाद उमस बढ़ने पर लोगों ने पंखे व एसी से राहत पाई। इससे बदले मौसम का असर निर्बाध बिजली सप्लाई व्यवस्था में पड़ा। बीते 9 घंटे में 6 से 7 बार पुराने कोरबा शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

# एसईसीएल मुख्यालय में हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



कोरबा। एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन दिनांक 14 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक अभियान चलाने संबंधी दिशा -निर्देश के अनुपालन में विभिन्न कार्यक्रमों अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के तहत् सेण्ट्ल वर्कशॉप-सेण्ट्ल %स्टोर्स, कोरबा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के माध्यम् से दिनांक 28.09.24 को सेण्ट्ल वर्कशॉप, कोरबा अधिनस्थ सफाई मित्रों के मध्य श्री विनय दीप जेवियर, महाप्रबंधक, सेण्ट्ल वर्कशॉप, कोरबा द्वारा स्वच्छता किट एवं पुरूष सफाई मित्रों को टी शर्ट, जूता तथा महिला सफाई मित्रों को साडी, जूता का वितरण किया गया एवं सफाई मित्रों कार्यो की सराहना करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना जैसे कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना आदि के बारें में श्री जेवियर द्वारा जानकारी दी गयी । इस अवसर पर सेण्ट्ल वर्कशॉप, कोरबा के महाप्रबंधक श्री व्ही0 डी0 जेवियर, कार्यप्रबंधक श्री व्ही0 के0 यादव, नोडल आफिसर श्री बलराम टंडन एवं समस्त विभागाध्यक्षों, शॉप प्रभारियों, अधिकारियों, जेसीसीसी के पदाधिकारियों, एससीएसटीओबीसी काउसिंल एवं सिस्टा के पदाधिकारी, बेकवर्ड ओबीसी तथा कर्मचारी एवं महिला कर्मचारी आदि उपस्थित थे ।

## 153 उचित मुल्य दुकानों का होगा जीर्णोद्धार

कोरबा । जिले के जर्जर हो चुके उचित मूल्य दुकानों का अब जीर्णोद्धार होगा। वनांचल क्षेत्र में संचालित 153 दुकानों को इसके लिए चिन्हित किया गया है। प्रत्येक दुकान के लिए जिला खनिज न्यास मद से 12.30 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए भवनों के निर्माण से पर्याप्त राशन भंडारण की सुविधा होगी। उम्मीद जताई जा रही हैं की 40 हजार से भी अधिक हितग्राही परिवारों को सस्ता राशन पाने के लिए दुकान का बार-बार चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए जिले में 553 उचित मूल्य की दुकानों का संचालन हो रहा, इनमें 415 दुकानें ग्रामीण क्षेत्र में है। वहीं 138 दुकानों का संचालन शहर में हो रहा है। राशन भंडारण के लिए कमोबेश शहरी क्षेत्र की दुकानों की स्थिति ठीक है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानें आज भी किराए के भवन अथवा जर्जर भवनों में संचालित हो रही हैं।

# कोयला कामगारों की बल्ले बल्ले, इस वर्ष मिलेगा 93 हजार 750 रूपए का बोनस

कोरबा। कोयला कामगारों का 2024 के लिए परफार्मेंस लिंक्ड रिवार्ड (बोनस) लगभग तय हो गया है। 93,750 रुपए पर सहमति बनी है। 9 अक्टूबर के पहले बोनस राशि का भुगतान कोयला कामगारों को हो जाएगा। पहले यह खबर आई थी 95 हजार रुपए फाइनल कर दिया गया है।यूनियन 94 हजार पर अड़ा था और प्रबंधन 93,500 पर। दोनों के बीच का रास्ता निकालते हुए 93,750 रुपए बोनस को अंतिम रूप दिया गया है। 2023 में 85,500 रुपए का भुगतान हुआ था। बैठक में ठेका श्रमिकों के बोनस पर भी चर्चा हुई। ठेका श्रमिकों के लिए 8.33 फीसदी बोनस तय किया गया है।नई दिल्ली में आयोजित हुई मानकीकरण समिति की बैठक में यूनियन ने डेढ़ लाख रुपए का प्रस्ताव रखा था। कोल इंडिया (ब्प्स्) प्रबंधन ने 85 हजार रुपए देने की बात कही। इस पर लंबी चर्चा और बहस हुई। बाद में यूनियन ने एक लाख पच्चीस हजार रुपए देने कहा। प्रबंधन इस पर राजी नहीं हुआ। यूनियन लीडर्स मीटिंग से बाहर निकल गए और आगे की बातचीत के लिए रणनीति बनाई। बैठक दोबारा प्रारंभ हुई। बाद में प्रबंधन 90 हजार तक देने राजी हुआ, लेकिन यूनियन इससे सहमत नहीं था। लिहाजा यूनियन लीडर्स फिर से बैठक से बाहर निकल गए और आपस में चर्चा की। तीसरी दफे बैठक शुरू हुई ओर प्रबंधन 93,500 रुपए तक पहुंचा। यूनियन ने 94 हजार की मांग की। अंततः 93,750 पर मुहर लगी। मानकीकरण समिति की बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन पीएम प्रसाद ने की। यूनियन नेताओं में बीएमएस से सुधीर घुरडे, मजरूल हक अंसारी, एचएमएस से नाथूलाल पाण्डेय, शिव कुमार यादव, एटक से रामेन्द्र सिंह, सीटू से डीडी रामनंदन सम्मिलित होंगे। इसी तरह अल्टरनेटिव मेंबर के तौर पर बीएमएस से यदगिरी सथाइहा, एचएमस से रियाज अहमद, एटक से हरिद्वार सिंह, सीटू से आरपी सिंह सम्मिलित हुए।

## खनन गतिविधियों पर जायजा लिया कापरी ने

कोरबा, । दीपका मेगाप्रोजेक्ट के दौरे पर पहुंचे निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, खनन गतिविधियों का लिया जायजा, उत्पादन-उत्पादकता की समीक्षा की

एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी ने आज रविवार दिनांक 29 सितंबर 2024 को दीपका मेगाप्रोजेक्ट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होने खदान में खनन, डिस्पैच एवं ओबी गतिविधियों का जायजा लिया एवं उत्पादन-उत्पादकता की समीक्षा की। दीपका टीम से चर्चा कर उन्होने आगे की उत्पादन बढ़ाने को लेकर कार्ययोजना की समीक्षा की एवं उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा।



# कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की सौजन्य मुलाकात



कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने कोरबा की सड़कों को लेकर चर्चा के साथ जिले के अन्य विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भेंट-मुलाक़ात के बाद बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कोरबा की सड़कों के लिए गंभीर हैं, उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा हैं कि जिले की समस्या से जल्द ही कोरबा की जनता को मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल, दुष्यंत शर्मा सहित अनुराग अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका अभिवादन किया।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने आगे कहा कि यह मुलाकात कोरबा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। इस भेंट-मुलाकात से उम्मीद जताई जा रही हैं कि कोरबा जिले के में विकास के रास्ते खुलेंगे, साथ ही उनकी सड़कों की समस्या दूर होगी।

# बांगो बांध की मरम्मत के लिये जारी होगा टेंडर,मिली स्वीकृति

कोरबा । प्रदेश के सबसे बड़े बांध हसदेव बांगो बांध की 32 साल बाद पहली बार मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए 4 करोड़ 20 लाख की मंजूरी भी मिल चुकी है। संबंधित विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। बांध के नीचे गेट के साथ ही बकेट की भी मरम्मत होगी, ताकि पानी का प्रवाह तेजी से हो सके।

जानकारी के अनुसार बांगो बांध का निर्माण वर्ष 1992 में पूरा हुआ। बांध की अधिकतम जलस्तर क्षमता 359.66 मीटर है। जलभराव क्षमता 2894 मिलियन घन मीटर है। प्रदेश के 11 बड़े बांधों की क्षमता मिला दिया जाए तो उससे भी बांगो की क्षमता डबल है। क्षमता में दूसरे नंबर का बांध गंगरेल को माना जाता है, जिसकी क्षमता 767 मिलियन घन मीटर है। बांध में अभी सिंचाई के लिए पानी देने के बाद भी 88 प्रतिशत पानी का भराव है। जब से बांध बना है, तब से इसकी एक बार भी मरम्मत नहीं हो पाई है। 15 साल से रेडियल गेटों की पोताई नहीं हुई है। यह गेट पानी में डूबे रहते हैं। इस वजह से जंग लगने से बचने के लिए पोताई जरूरी होती है।

मानसून शुरू होने के पहले ओवर ऑयलिंग के साथ गेट को खोलकर टेस्टिंग जरूर की जाती है, ताकि समय आने पर गेट खोलने में किसी तरह की परेशानी ना हो। इस साल भी बांगो के लबालब होने पर अगस्त के अंतिम सप्ताह में 11 में से 6 गेट को खोल दिया था। जलस्तर कम होने पर 3 दिन बाद गेट को बंद किया गया। अभी भी कोरिया क्षेत्र में अधिक बारिश होने पर पानी की आवक बढ़ी हुई है। इस वजह से जलस्तर भी बढ़ रहा है।

बांगो बांध की खरीफ में सिंचाई क्षमता ढाई लाख हेक्टेयर है। इसी तरह 14 उद्योगों को भी पानी दे रहे हैं। बांगो के पानी से ही बिजली उत्पादन हो रहा है। एनटीपीसी, बिजली उत्पादन कंपनी, बालको, एसईसीएल, इंडियन ऑयल को भी पानी मिलता है। पेयजल के लिए भी निगम को पानी दे रहे हैं।

हसदेव दर्री बराज का निर्माण 1964-65 में बांगो बांध से 8 किलोमीटर नीचे किया गया है। इसके रेग्युलेटर गेटों के साथ ही बराज की मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए 3 करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की की प्रक्रिया शुरू की गई है। बराज से ही सिंचाई के लिए नहर निकली है। हसदेव बांगो परियोजना के कार्यपालन अभियंता एस.के. तिवारी का कहना है कि जब से बांध बना है, इसकी मरम्मत नहीं हुई है। शासन से राशि की मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बड़ी कंपनियां ही रुचि लेती है। प्रयास किया जा रहा है कि इस साल काम शुरू हो जाए।

## समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

कोरबा । जिले के मुख्य चिकित्सा व भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव द्वारा कलेक्टर कोरबा के निर्देश पर 24 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय में बैठक हुई द्य बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी की गतिविधियां और तेज करने के लिए नए सदस्यों की सदस्यता अभियान चलाकर संस्था से संबद्ध करने पर विचार किया गया जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25 000 सह संरक्षक के लिए 12000 तथा आजीवन सदस्य के लिए 1000 संस्था द्वारा सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है द्य

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य के रूप में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने पर सहमति व्यक्त की गई

कोरबा जिले के समाजसेवी व पूर्व अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स राम सिंह अग्रवाल ने संस्था के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आश्वासन दिया था जिसका शुभारंभ आज कोरबा क्षेत्र के नागरिकों को सदस्यता के रूप में संरक्षक व सह संरक्षक आजीवन सदस्य के रूप में दर्जनों नागरिकों को सदस्य बनाया जो संस्था के हित में सराहनीय कदम है

समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल ने कहा कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से नियमावली के अनुसार सक्रिय गतिविधियों का संचालन जिले के हित में किया जाएगा ताकि आम जनता को रेड क्रॉस सोसाइटी का लाभ मिल सके।



## पार्षद अरुणीस तिवारी प्रगति नगर में मन की बात कार्यक्रम के साथ सदस्यता अभियान में जुटे

गेवरा दीपका। आज भारतीय जनता पार्टी मंडल दीपिका के बूथ क्रमांक 121-122, प्रगति नगर में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात को जिला कार्य समिति सदस्य एवं पार्षद, शक्ति केंद्र संयोजक अरुणीश तिवारी के नेतृत्व में सुना गया। इस अवसर पर मन की बात सदस्यता अभियान के तहत बूथ में 100 नए सदस्य बनाने का कार्य भी किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र शुक्ला, भरत जायसवाल, बलदाऊ चंद्र, सुखनंदन निर्मालकर, विजय द्विवेदी, धनीराम, सतीश भारद्वाज, बैसाखू लाल,ओ सी गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभी ने मन की बात को सुना और सदस्यता अभियान में भाग लिया।मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की और ट्रिपल आर (रीसायकल, रिन्यू और रिड्यूस) पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विकास के साथ-साथ अपनी विरासत को संजोए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमेरिका से 300 पुरानी कलाकृतियों को भारत लाने में सफलता की ओर अग्रसर हैं और वैश्विक युद्ध के वातावरण में भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस नए भारत में अब अवसर तलाशने की नहीं, बल्कि अवसर देने की क्षमता है।

## स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव व सड़क सुरक्षा अभियान आज

गेवरा-दीपका। गेवरा-दीपका7 गवर्नमेंट कॉलेज दीपका (झाबर) में 30 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव व सड़क सुरक्षा अभियान मनाया जाएगा। यह आयोजन कॉलेज की रेड क्रॉस सोसायटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान किया जाएगा।

## हाथियो को भगाने के चक्कर में ग्रामीण हुआ घायल

कोरबी-चोटिया। कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पोड़ी- उपरोड़ा ब्लॉक के जंगलों में हाथियों की लगातार मौजूदगी ने दहशत मचा रखी है। जंगल से निकलकर लगे हुए खेतों में लगातार पहुंचने और फसलों को खाने व रौंदकर नुकसान पहुंचाने का सिलसिला जारी है।

ग्रामीण अपनी फसलों को हाथियों से बचाने के लिए उस पर हमलावर हो रहे हैं। शोर मचाकर, सीटी बजाकर,पटाखे फोड़कर, पत्थर फेंक कर, हाथियों के नजदीक जाकर भगाने की कवायद कर रहे हैं जो कि उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है। किसान अपने फसल की रक्षा के लिए चिंतित हैं जो उनके जीवन-यापन का सहारा है और हाथी उसे रौंद रहे हैं। हाथियों को भगाने की कोशिश में ग्रामीण चोटिल भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में पोड़ी खुर्द ग्राम पंचायत के खैरवार पारा का निवासी मोती राम पिता धनीराम खैरवार उम्र 30 वर्ष आज सुबह अपने फसल को हाथी से बचाने के चक्कर में अपना दायां पैर तुड़वा बैठा। हाथी को भगाने के दौरान जब एक हाथी पलट गया तो उससे बचने के लिए भागने के दौरान गिर पड़ा और पैर टूट गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सौजन्य मुलाकात की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से यहां उनके निवास में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. मुरुगन को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.एल.मुरुगन एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज राजधानी रायपुर के दौरे पर आए हैं।

## एसपी ने ली जगराता और डांडिया समितियों की बैठक

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह ने नवरात्रि पर्व पर होने वाले रास



गरबा, जगराता और डांडिया के आयोजन समितियों की बैठक ली। उन्होंने आयोजन के परंपराओं को ध्यान में रखने को कहा। किसी भी तरह के अश्लील गाने और डांस के प्रदर्शन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को हाईकोर्ट और सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

बिलासा गुड़ी में आयोजित बैठक में एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग शासन-प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार किया जाए। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन न किया जाए। चाहे वह लाइसेंसी ही क्यों न हो। शराब या अन्य नशे की हालत में आने वालों को कार्यक्रम में प्रवेश न दिया जाए।

# मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आज छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष आमसभा की बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इसी तरह मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल सहित कुल 10 लोग छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अध्यक्ष चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल को आगे ले जाने के लिए हम सभी पूरी टीम भावना के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमारी सरकार राज्य में खेल को बढ़ावा देने के साथ ही अधोसंरचना विकास और खिलाड़ियों के हित में लगातार फैसले ले रही है। श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में खेलें और मेडल जीत कर लाएं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संघ के सभी पदाधिकारियों को एक-एक जिले की जिम्मेदारी दी जाए और उस अंचल में जो खेल लोकप्रिय हैं, उसे बढ़ावा देने की दिशा में काम हो। श्री साय ने आगे कहा कि नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी किसी ने किसी रूप में खेल और इसकी प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े हैं, ऐसे में आप सभी के दीर्घ अनुभव का लाभ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलेगा।

सांसद और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, हमें उन्हें बेहतर अधोसंरचना, सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़ी पहल करते हुए राजधानी रायपुर में स्काउट गाइड के राष्ट्रीय जंबूरी 2025 के आयोजन की सहमति जताई। श्री अग्रवाल ने कहा कि खिलाड़ी हमारे एंबेसडर होते हैं, जो प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ भी अपना प्रयास करें। इस अवसर पर ऑब्जर्वर दिग्विजय सिंह भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ की विशेष आमसभा में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष हेतु सर्व बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, विजय बघेल, हिमांशु द्विवेदी, संजय पिल्ले, गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, रमेश कुमार श्रीवास्तव और सुनील कुमार अग्रवाल तथा महासचिव के पद पर विक्रम सिंह सिसोदिया निर्वाचित हुए। इसी तरह संयुक्त सचिव राम जाखड़, आर. राजेन्द्रन, मोहम्मद अकरम खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज कुमार अग्रवाल और समीर खान को निर्विरोध चुना गया। संजय मिश्रा संघ के कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य के रुप में 12 लोगों को भी र्निविरोध चुना गया ।

## साय सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना सर्वोच्च प्राथमिकता: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम गंगापुर, नवघटा, मोहगांव खैरझिटी कला, बानो, कोको, छाटा और ग्राम दलपुरवा मे ग्रामीणवासियों से जनसंपर्क कर सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग, समस्या और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए 01 करोड 91 लाख 50 हजार रूपए के विकास कार्यों की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बिजली और राजस्व के प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साय सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों की मांग को पूरा करते हुए ग्राम गंगापुर में महतारी सदन के लिए 30 लाख, सीसी रोड के लिए 10 लाख, मंच निर्माण के लिए 03 लाख, ठाकुर देव चौक मंच के पास क्रांकिटकरण के लिए 01 लाख रुपए, ग्राम नवघटा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख, सामुदायिक शौचालय के लिए 3.50 लाख रुपए, ग्राम मोहगांव में महतारी सदन के लिए 30 लाख रूपये, बंजारी मां डामरीकरण के लिए 43 लाख रूपए, सामुदायिक भवन पुराना पंचायत के पास 5 लाख रूपए, शौचालय के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम खैरझीटी में सीसी रोड मुक्तिधाम रोड़ 3 लाख रुपए, गोठान के पास 2 लाख रूपये, महतारी सदन के लिए 30 लाख रूपये, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय के लिए



3.50 लाख रुपए, ग्राम बानो में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक शौचलय के लिए 3.50 लाख रुपए, सीसी रोड़ के लिए 5 लाख की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा के ग्राम गंगापुर, नवघटा, मोहगांव खैरझिटी कला, बानो, कोको, छाटा और ग्राम दलपुरवा में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को सुना और उन्हें सरकार की योजनाओं और विकासात्मक पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाना है ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

**शर्मा ने महतारी सदन के लाभों पर प्रकाश डाला**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क के दौरान कहा कि महतारी सदन केंद्र महिलाओं के सशक्तीकरण का एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि महतारी सदन से गांवों में विकास की नई लहर आएगी और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि महतारी सदन से महिलाएं अपने अधिकारों और समस्याओं के बारे में जागरूक होंगी और अपने सामूहिक मुद्दों पर चर्चा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे महिलाएं नई तकनीकों और कौशलों में प्रशिक्षित हो सकेंगी।

## फर्जी-कस्टम ऑफिसर ने महिला से की 61 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर



में साइबर क्राइम के नित नए मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन पढ़े लिखे लोग फर्जी फोन कॉल कर धमकाने वालों से सख्ती से निबटने की बजाय उनके झांसे में आ कर अपनी मेहनत की कमाई लुटाने लाचार नजर आ रहे हैं।

हाल ही में सायबर क्राइम के 2 मामले सामने आए, जिसमें एक व्यक्ति ने मोबाइल कर महिला के नाम से बुक पार्सल में वर्दी और ड्रग्स मिलने पर गिरफ्तारी का डर बताया। इसके बाद उसने किस्तों में महिला से 61 लाख रुपए ठग लिए।

सिविल लाइन थानांतर्गत मित्र विहार कॉलोनी लिंक रोड निवासी विशाखा डे ने सिविल लाइन थाने में आकर आनलॉइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई । रिपोर्ट के मुताबिक 12 सितंबर को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर स्वयं को मुंबई पार्सल ऑफिस का ऑफिसर बताकर उसके द्वारा मुंबई से दुबई के लिए बुक किए गए पार्सल के पहले कैंसिल होने की जानकारी दी।

इसके बाद उसने इसकी वजह पार्सल में पुलिस वर्दी, एटीएम कार्ड, कीटामीन नामक ड्रग्स मिलने की बात बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया। महिला फर्जी कॉल पर मिली धमकी से भयभीत हो गई। इधर कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें बताया कि उसके नाम पर बुक कराया गया पार्सल मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट द्वारा जब्त किया जा चुका है और इस मामले में उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट और मनी लांड्रिंग के जुर्म में किसी भी समय गिरफ्तारी की जा सकती है।

इस प्रकार महिला से ऑनलाइन ठगी कर फर्जी फोन कॉल करने वाले व्यक्ति ने किस्तों में 61,93,720 रूपए ठग लिए। सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट पर साइबर थाना बिलासपुर में धारा 318(4) 3(5) बी.एन.एस. एवं 66 (डी) आई.टी. एक्ट के अधीन आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

## ड्राइवर को झपकी आने से ट्रेलर से टकराई बस, गया से लौट रहे एक की मौत



**बिलासपुर।** ड्राइवर को झपकी आने से गया से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस बिलासपुर रायपुर नेशनल हाइवे पर हिर्री के पास ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में स्लीपर पर सो रहे एक्सट्रा ड्राइवर की मौत हो गई और 16 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना हिर्री थाना क्षेत्र में धौराभाठा के पास हुई। रायपुर की शताब्दी बस क्रमांक सीजी 04 ई-3077 छत्तीसगढ़ के यात्रियों को लेकर बिहार के गया गई थी। वापसी के समय सकरी में दो और बिल्हा मोड़ में दो यात्रियों को उतारा। रविवार की तड़के करीब 4 बजे बस धौराभाठा के पास पहुंची।

इस बीच ड्राइवर को झपकी आ गई और सड़क किनारे खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12-बीएल 2306 से टकरा गई। बस में दो ड्राइवर थे। राजू चौहान इसे चला रहा था। सेकेंड ड्राइवर घनश्याम चौहान पिता गोपाल चौहान (36)की हादसे में मौत हो गई। वह महासमुंद जिले के घुमराभाठा का रहने वाला था। घटना के समय वह ड्राइवर के ऊपर बने स्लीपर पर सो रहा था। हादसे में 16 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर धौराभाठा के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद डायल 112 व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम भी आई और घायलों को बिल्हा, सरगांव लेकर गई। हिर्री टीआई किशोर केंवट के अनुसार हादसे में घायल दो को बाद में सिम्स लाकर भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**बीच से टकराई होती तो कई लोगों की गई होती जान**

ट्रक ब्रेक डाउन होने के कारण बीच सड़क पर खड़ा था। वह आधा घंटे पहले ही खराब हुआ था। बस ड्राइवर साइड से हल्के से टकराई। इससे ड्राइवर सीट के ऊपर सो रहे दूसरे ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यदि गाड़ी बीच से टकराई होती तो काफी लोगों की जान गई होती।

## साल लकड़ी की तस्करी करते तीन आरोपी जंगल से गिरफ्तार

**एड़ू।** छाल रेंज के जंगल से इमारती लकड़ी साल की तस्करी करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने दो पिकअप को पकड़ा है। पिकअप में साल के दस गोले रखे हुए थे। वन विभाग की टीम ने तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है, वहीं एक पिकअप का ड्राइवर व एक अन्य आरोपी भाग निकले। जब्त लकड़ी की कीमत 95 हजार रुपए बताई गई है।

छाल रेंज के वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से जंगल से अवैध लकड़ी परिवहन करने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने ग्रामीणों व वन विभाग की कर्मचारियों के सहयोग से कूड़ेकेला सर्किल के 574 आरएफ गलीमार में घेराबंदी की। इस दौरान दो पिकअप आते हुए दिखे। दोनों पिकअप को रोक कर जांच की गई। पिकअप क्रमांक सीजी 13 एक्यू 8109 का ड्राइवर गाड़ी को छोड़ कर भाग गया। डिप्टी रेंजर सोहन राठिया ने बताया पिकअप क्रमांक सीजी 13 वाय 7158 को अभिषेक चौहान चला रहा था, इस पिकअप का वह मालिक भी है। टीम ने पिकअप के साथ संतू निषाद, लाखन दास, अभिषेक चौहान को पकड़ा। इन सभी आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की गई। वहीं लकड़ी की तस्करी में प्रयोग किए जा रहे दोनों पिकअप पर कार्रवाई की गई।

## उप अभियंता और प्रधान पाठक के घर से कैश समेत 4 लाख के जेवरात पार

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया में एक ही रात में दो अधिकारियों के घर के ताले टूटे हैं। हाउसिंग बोर्ड की सरकारी कॉलोनी में चोरों ने 43 हजार 8500 रुपए की चोरी की है। घटना के बाद मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना खरसिया चौकी क्षेत्र की है।

खरसिया के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पीएचई विभाग में उप अभियंता के पद पर पदस्थ उमा सिदार सुबह करीब 10 बजे अपनी दीदी हेमलता सिदार के साथ पारिवारिक कार्यक्रम के लिए गांव गई थी। जब वो वापस घर पहुंची, तो ताला टूटा मिला। सभी सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी का लॉकर भी टूटा था। चोरों ने उसमें रखे 70 हजार कैश सहित 1 लाख 63 हजार 500 रुपए के सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया था। जिसकी शिकायत उमा ने खरसिया चौकी में दर्ज कराई है।

## मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार,मोदी ने दी बधाई, 8 अक्टूबर को मिलेगा सम्मान

**नई दिल्ली।** दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड इस साल मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार (30 सितंबर) को इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की। 8 अक्टूबर को 70वीं नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी में मिथुन को सम्मान दिया जाएगा।

मिथुन ने अपना फिल्मी करियर 1976 में मृगया से शुरू किया था। पहली ही फिल्म में उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीता। 1982 में आई डिस्को डांसर से उन्हें पहचान मिली।

केंद्रीय मंत्री ने लिखा- मिथुन को दादा साहब फाल्के देते हुए गर्व महसूस कर रहे

अश्विनी वैष्णव ने लिखा, मिथुन दा की उल्लेखनीय सिनेमैटिक जर्नी कई जनरेशन्स को इंस्पायर करती है। ये अनाउंस करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि दादा साहेब फाल्के सिलेक्शन जूरी ने इस साल लेजेंड्री एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को उनके भारतीय सिनेमा को दिए आइकॉनिक योगदान के लिए ये अवॉर्ड देने का फैसला किया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई**

भारत के प्रधानमंत्री ने मिथुन का को दादा साहेब फाल्के मिलने पर बधाई देते हुए लिखा है, खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में दिए गए अद्वितीय योगदान के लिए दादा साहेब अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। सम्मान हासिल करने पर मिथुन दा ने कहा है, सच कहूं तो, मेरे पास कोई भाषा ही नहीं है। न मैं हंस सकता हूं, न मैं खुशी से रो सकता हूं। इतनी बड़ी चीज है। जहां से मैं आया हूं, उस लड़के को इतना बड़ा सम्मान मिला है, मैं सोच भी नहीं सकता। मैं ये अपने परिवार और दुनियाभर के फैंस को डेडिकेट




करता हूं।

**कभी नक्सल हुआ करते थे मिथुन चक्रवर्ती**

16 जून 1950 को मिथुन चक्रवर्ती का जन्म कोलकाता में हुआ था। उनका असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है। मिथुन ने केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया था। ग्रेजुएशन के बाद मिथुन नक्सल आंदोलन में शामिल होकर कट्टर नक्सल बन गए और घर से दूर हो गए। दुर्भाग्य से मिथुन के इकलौते भाई का एक हादसे में निधन हो गया। घर की मुश्किल परिस्थितियां देखते हुए उन्होंने नक्सली आंदोलन छोड़कर घर की तरफ रुख कर लिया। नक्सलवाद से नाता तोड़ने पर मिथुन की जान को भी खतरा था, लेकिन इसके बावजूद वो नहीं डरे। आंदोलन में शामिल रहते हुए उनकी दोस्ती कुख्यात नक्सल रवि रंजन से गहरी थी।

**कभी हुआ करते थे हेलन के असिस्टेंट**

मिथुन ने घर वापसी तो की लेकिन अब उनका झुकाव हिंदी सिनेमा की ओर हुआ। उन्होंने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट से एक्टिंग सीखी और फिर काम की तलाश में वो मुंबई आ पहुंचे।

कई दिन उन्होंने भूखे पेट रातें गुजारीं। कई महीनों की कड़ी मेहनत और इंतजार के बाद इन्हें हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। हेलन के असिस्टेंट बनकर पीछे घूमने वाले मिथुन को देखकर कुछ फिल्ममेकर्स ने उन्हें छोटे-मोटे फिलर के रोल दिए। मिथुन को अमिताभ बच्चन की फिल्म दो अनजाने में छोटा सा रोल मिला। इस दौरान मिथुन को बॉडी डबल बनाकर भी फिल्मों में लिया गया।

**फ्लर्ट कर रहे मिथुन पर पड़ी मृणाल सेन की नजर, बना दिया हीरो**

एक दिन कॉलेज में मशहूर फिल्ममेकर मृणाल सेन की नजर मिथुन पर पड़ी। उस दिन मिथुन कॉलेज की कुछ लड़कियों से बेफिक्री से फ्लर्ट कर रहे थे। मिथुन का अंदाज देखकर मृणाल इतने इंप्रेस हुए कि उन्होंने अपनी फिल्म मृगया ऑफर कर दी। इस तरह मिथुन ने 1976 की आर्ट फिल्म मृगया से बतौर हीरो करियर की शुरुआत की। फिल्म के लिए मिथुन दा को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला था। मिथुन इकलौते एक्टर हैं, जिन्हें पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा उन्हें 1993 की फिल्म तहादेर कथा और 1996 की स्वामी विवेकानंद के लिए भी नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है।

## जेबीडी कॉलेज के स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर की सफाई

**कटघोरा।** जेबीडी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने गोद ग्राम चंदनपुर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्वयं सेवकों ने प्रायमरी स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर घास की सफाई की गई एवं स्वयं सेवकों द्वारा समाज सेवा में अपनी भूमिका अदा की गई। कार्यक्रम अधिकारी के दिवाकर ने स्वच्छता संबंधित स्वयं सेवकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो.चंद्रशेखर रात्रे, प्रो.आरजी यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम सहायक पुरुष इकाई प्रो.ओपी सिंह, महिला इकाई कार्यक्रम सहायक प्रो.चंद्रकली अनंत, जी लता कंवर, दुर्गेश महिपाल, सुनील जायसवाल, धर्मेंद्र, माधुरी जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## मरवारी में पकड़ा गया आदमखोर भालू

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** मरवाही वन परिक्षेत्र में पिछले 3 दिन में



आदमखोर भालू ने दो लोगों की जान ले ली। अब वन विभाग की कानन पेंडारी रेस्क्यू टीम ने ट्रैंक्विलाइजर का इस्तेमाल कर भालू को पकड़ लिया है। उसके कई हिस्से पर चोट के निशान भी मिले हैं।

घायल भालू को पिंजरे में डालकर वन विभाग की विशेष चिकित्सा दल की निगरानी में इलाज कराया जा रहा है। शारीरिक और मानसिक स्थिति ठीक होने के बाद ही भालू को वापस जंगल में छोड़ा जाएगा। फिलहाल निगरानी में रखा गया है।

**2 की मौत और 3 लोग घायल**

दरअसल, भालू के हमले से एक 13 साल की बच्ची और किसान की मौत हो चुकी है। जानवरों और 3 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल है। जिनका इलाज मरवाही के अस्पताल में चल रहा है। भालू के आतंक से गांव में दहशत का माहौल था। लोग डर की वजह से अपने खेतों की ओर नहीं जा पा रहे थे।

**ट्रैंक्विलाइजर गन से भालू को किया गया बेहोश**

नर भालू को पकड़ने के लिए रविवार को विभाग की टीम बेलझिरिया पहुंची। कानन पेंडारी रेस्क्यू टीम ने ट्रैंक्विलाइजर गन से भालू को बेहोश कर दिया। उसे पिंजरे में बंद कर ले जाया गया। भालू के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उसका इलाज किया जा रहा है।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहा रोजगार सहायक, बाजार बाधित

### 16 गांव के लोग आते हैं साप्ताहिक बाजार करने यहां



**कोरबा।** शहर के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं वहां की सरकारी जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रही है। गिरारी पंचायत में बाजार के पास सरकारी जमीन को कोई और नहीं बल्कि रोजगार सहायक अपने कब्जे में ले रहा है। कई गांव के सरपंच पंच और लोगों ने इस बारे में शिकायत प्रशासन से की है और अतिक्रमण को ध्वस्त करने के साथ जमीन खाली करने की मांग की है।

कोरबा जिले के अंतर्गत कोरबा सबडिवीजन में पटवारी हल्का नंबर 49 पर गिरारी गांव में सरकारी जमीन मौजूद है जहां पर अतिक्रमण किया जा रहा है। गीतकुमारी के रहने वाले रोजगार सहायक भुवन सिंह यादव की भूमिका इस मामले में सामने आई है। लोगों ने बताया कि उसके द्वारा साप्ताहिक बाजार क्षेत्र की सरकारी जमीन पर 16 कलम का भवन तैयार किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही इसकी शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन को लोगों के द्वारा जो आवेदन दिया गया है उसमें बताया गया की मौके पर महुआ के पेड़ लगे हुए थे जिनकी अवैध रूप से कटाई भी रोजगार सहायक ने कर दी। प्रशासन को बताया गया है कि गिरारी गांव में साप्ताहिक बाजार लगता है जहां पर आसपास के 16 गांव के लोग आते हैं और यहां से अपनी जरूरत की चीज की खरीदी करते हैं। इसलिए गांव में साप्ताहिक बाजार के स्थल पर काफी भीड़ होती है। प्रशासन को बताया गया है कि यहां पर लबेद, चिर्रा, फुलसारी, सोलवा, बरपाली, बासिन और अन्य गांव के लोगों की पहुंचे यहां पर होती है इस नाते भविष्य में भी बाजार का महत्व बढ़ने वाला है। इस बात को महत्वपूर्ण रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। ग्रामीणों का तर्क है कि पिछले वर्षों में सभी क्षेत्रों में लोगों की पहुंच होने के साथ वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी आई है। विभिन्न पंचायत के सरपंचों ने प्रशासन को यह भी बताया है कि शासकीय योजना का क्रियान्वयन होने पर संबंधित पंचायत में जमीन की आवश्यकता होगी इस दृष्टिकोण से भी वहां रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों की सुरक्षा के बारे में विशेष सरकारी योजना बनाने के साथ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसा होने पर अतिक्रमण करने वालों का मनोबल टूटेगा और वह अपनी हरकतों से बज आएंगे।

## ऑटो संघ के पदाधिकारी को ना दें बैटरी ऑटो के लिए कमीशन

**कोरबा।** कोरबा जिले में बड़ी संख्या में बैटरी से चलने वाले ऑटो की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही मेंटेनेंस और अन्य परेशानियां भी चालकों के सामने मौजूद हैं। जिला ऑटो संघ ने आरोप लगाया कि ऑटो चालकों को मेंटेनेंस के नाम पर एजेंसियां संतुष्ट नहीं कर रही हैं। संघ का कहना है कि ऑटो की वर्तमान कीमत में 10000 रुपए काम करने के साथ कोई भी एजेंसी किसी भी ऑटो संघ सदस्य या पदाधिकारी को कमीशन के नाम पर एक रुपए भी ना दे। ऑटो चालकों के पक्ष में संगठन ने अपनी बात रखी है और कहां है कि बैटरी ऑटो की गारंटी 3 लाख किलोमीटर तक की जानी चाहिए। मेंटेनेंस के लिए आने वाले ऑटो का सुधार कार्य 1 से 5 दिन के भीतर किया जाए और अगर ऐसा नहीं होता है तो एजेंसी मालिक को प्रत्येक दिन का इंस्टॉलमेंट 600 रुपए नगद देने की मानसिकता बनाई जाए। इस बात को भी कहा गया है कि 3 लाख किलोमीटर तक ऑटो के कोई भी महंगे पार्ट्स खराब होते हैं तो उन्हें बदलकर नए दिया जाए। संगठन का कहना है कि ऑटो इंश्योरेंस के नाम पर कोई भी प्रोसेसिंग चार्ज ना लिया जाए।

# सुरक्षा मानकों में सुधार व अन्य मांगों को लेकर बीएमएस का मोर्चा, की भागीदारी



**कोरबा।** बड़ी संख्या में एसईसीएल दीपका एरिया के मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लेने पूरे काफिला के साथ पहुंचे ।यह प्रदर्शन कोयला क्षेत्र के मजदूरों के लंबे समय से लम्बित मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है, जिनमें कार्य स्थल पर सुरक्षा उपायों के साथ-साथ कर्मचारियों की जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे शामिल हैं।

यह प्रदर्शन बीएमएस की ओर से मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए की जा रही निरंतर कोशिशों का हिस्सा है। इसमें प्रमुख मांगों में सुरक्षा मानकों में सुधार, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, कर्मचारियों के लिए श्क्क्न (कर्मचारी भविष्य निधि) में सुधार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शामिल है। इसके अलावा, हाल ही में ष्टस्क्क्न (कोल माइन प्रोविडेंट फंड) समीक्षा में 16 बिंदुओं के सुझावों को लागू करने की भी मांग की जा रही है। 17 सूत्रीय मांगों में बीमा, चिकित्सा कवर और कर्मचारियों के आवास की सुविधाओं में वृद्धि की प्रमुख मांगें हैं। इसके अलावा, खनन कार्यों में सुरक्षा मानकों की कड़ाई से पालन, दुर्घटना मुआवजा और फंड्स की पारदर्शिता पर भी जोर दिया जा रहा है। इस प्रदर्शन में एसईसीएल के सभी क्षेत्रों के मजदूरों ने भाग लिया है, जिसमें गेवरा और दीपका क्षेत्र ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदर्शन के साथ बीएमएस को उम्मीद है कि उनके एकजुट प्रयासों से मजदूरों की कार्य स्थितियों और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आगामी दिनों में बीएमएस नेतृत्व ने अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न चरणों में आंदोलन की योजना बनाई है। जिसके तहत आज बिलासपुर हेड क्वार्टर में जंग एलान का प्रदर्शन करने नारेबाजी के साथ पहुंचे।

## गांधी उद्यान में जिम खोलने की मांग

**कोरबा।** पिछले दिनों एसईकेएमसी की आइआर बैठक गेवरा में आयोजित की गई। जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि बुधवारी बाजार स्थित गांधी उद्यान में जीम खोला जाए। इसका लाभ कोयला कामगारों व उनके पुत्रों को मिलेगा। बैठक में उपस्थित विकास शुक्ला, डीके मिश्रा, छंद राम राठौर राहुल मिश्रा ने कहा कि कालोनी के सड़को का कायक्ल्प किए जाना जरूरी हो गया है। कालोनी में बने सड़क उखड़ने लगे है। बरसात के दिनों में कोयला काम और अधिक परेशान हो जाते है। इसी तरह चिकित्सालय में रक्त परीक्षण के अलावा अन्य जांचो पर चर्चा की गई।

# सर्वमंगला मंदिर में नवरात्र की व्यापक तैयारी

**कोरबा।** हसदेव नदी के तट में विराजमान माता सर्वमंगला के दरबार में मनोकामना के लिए ज्योति कलश घट की स्थापना 3 अक्टूबर से की जाएगी। इस वर्ष भी यहां विदेश, प्रदेश सहित कोरबा जिले के लोगो के द्वारा कलश स्थापित किए जा रहे हैं। मंदिर में नवरात्र की व्यापक तैयारी हो रही है।



हसदेव नदी के तट में विराजमान माता सर्वमंगला के दरबार में इस नवरात्रि भी माता के नौ रूपों के विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस नवरात्रि अभी तक छै हजार तेल और पांच सौ घृत ज्योति कलश मनोकामना पूर्ति हेतु रसीद कट चुकी है। मंदिर के प्रबंधक और पुजारी नमन कुमार पाण्डेय (नन्हा) ने कहा की जो भी भक्त माता के दरबार में मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश स्थापना करना चाहते है मंदिर परिसर में आकर रसीद कटा सकते है। इसके अलावा अन्य सहयोगी संस्थान से भी ज्योत के लिए रसीद कटा सकते है। ज्योति कलश स्थापना के लिए मंदिर परिषर में पूरी तैयारी कर ली गई है। पानी बरसात और धूप से बचने के लिए मंदिर में डोम लगाई गई है जिससे श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी ना हो। मंदिर के प्रबंधक और पुजारी नमन ने बताया की माता के दरबार में कोरबा जिले के लोगो की बड़ी आस्था है। इसके अलावा विदेशो से भी माता के दरबार में भारत के निवासी जो विदेश में रहते है उनके द्वारा भी मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जिसमे सात समुंदर पार अमेरिका से दो , ऑस्ट्रेलिया से तीन, म्यांमार से दो और सिंगापुर से एक व्यक्ति ने अभी तक माता के दरबार में आस्था रखी है। मंदिर में नौ दिनों तक माता के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इस नौ दिनों तक माता के दरबार में माता के नौ रूपों का श्रृंगार किया जाता है। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में लोगो के द्वारा भंडारा किया जाता है। सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर में आयोजित रात्रि में भागवत कथा का लाभ भी उठा सकते हैं।

# सामाजिक परिवर्तन के लिए काम किया अहिल्या बाई ने

**कोरबा।** पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह के निमित्त कोरबा विभाग की कार्यशाला विवेकानंद सेवा सदन, कोरबा में संपन्न हुई।



इस कार्यशाला में पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति (डा)वंश गोपाल जी के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से संबंधित अनेक दुर्लभ जानकारियों को साझा करते हुए बताया कि इतिहासकारों ने कैसे हम सबको ऐसे अनेक विभूतियों के प्रेरणादाई जीवन से वंचित करने का प्रयास किया है। उनके जीवन के विभिन्न प्रसंगों से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान में समाज परिवर्तन की दिशा में बहुत कुछ किए जाने की संभावनाएं हैं । परंतु इसके लिए उनके जीवन को जन-जन तक पहुंचाने की अतिआवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह समिति का जिले में गठन किया गया है। विशेषकर स्कूल और महाविद्यालयों में और समाज के प्रबुद्ध वर्गों में , मातृ-शक्तियों और युवाओं के बीच विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन को पंहुचा कर देश-धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके जीवन से प्रेरित किया जा सकता है। आज के कार्यशाला में शक्ति, जांजगीर और कोरबा जिलों से अनेक गणमान्य जन और बड़ी संख्या में मातृ-शक्तियां उपस्थित हुई थी।

इसके अंत में कोरबा जिले की समिति के कुछ प्रमुख दायित्वों का घोषणा भी हुआ। पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह समिति कोरबा के जिला अध्यक्ष का दायित्व अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज कुमार झा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह और सचिव श्रीमती अक्षदा पुंडलिक को दिया गया। इस समिति के अन्य दायित्वों की घोषणा इनके द्वारा शीघ्र किया जायेगा।

# गुणवत्ता नियंत्रण आदेश का पालन करने वाला एकमात्र एल्यूमिनियम उत्पादक बना वेदांता

**कोरबा।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक विशेष आदेश जारी किया है, जो कि आज से ही लागू है। इसके तहत, भारत में बेचे जाने वाले सभी एल्युमीनियम वायर रॉड्स और रोल्ड प्रोडक्ट्स, जैसे- शीट्स, प्लेट्स और स्ट्रिप्स को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित किया जाना अनिवार्य है। ऐसे में, वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की है कि वह इन प्रोडक्ट्स के लिए बीआईएस प्रमाणन प्राप्त करने वाली भारत की पहली और एकमात्र कंपनी है। यह प्रमाणीकरण छत्तीसगढ़ में कंपनी के बाल्को प्लांट और ओडिशा स्थित कंपनी की झारसुगुड़ा इकाई में निर्मित किए जाने वाले प्रोडक्ट्स के लिए मिला है।

भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा खान मंत्रालय ने 31 अगस्त, 2023 को विशेष साझेदारी के तहत एल्युमीनियम और इसकी मिश्र धातुओं के लिए नए गुणवत्ता नियंत्रण नियम पेश किए। अनिवार्य रूप से बीआईएस प्रमाणीकरण के लिए सरकार द्वारा 26 सितंबर, 2024 तक की समय सीमा दी गई थी लेकिन, वेदांता एल्युमीनियम ने इसे पहले ही अपने प्रोडक्ट्स का प्रमाणीकरण करवा लिया। यह न सिर्फ उच्च गुणवत्ता मानकों के प्रति वेदांता की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि एल्युमीनियम इंडस्ट्री में इसके नेतृत्व को भी मजबूत करता है।

वेदांता एल्युमीनियम को विभिन्न एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स के लिए बीआईएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इसमें 12 मिमी वायर रॉड्स, रोल्ड शीट्स, रोल्ड कंडक्टर प्लेट्स, रोल्ड प्लेट्स, ईसी इंगोट्स, अलोए इंगोट्स और प्राइमरी इंगोट्स शामिल हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स विभिन्न इंजीनियरिंग और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए काम आते हैं। कंपनी को इसके 17 प्रोडक्ट्स के अंतर्गत 7 बीआईएस प्रमाणन प्राप्त हुए हैं, जिससे भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ही बाजारों में इसका प्रतिस्पर्धात्मक रूप से विस्तार हुआ है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) सुनील गुप्ता ने कहा, प्रमाणन के लिए सरकार का आदेश एक सकारात्मक कदम है, जो सुनिश्चित करता है कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम का ही उत्पादन और उपभोग हो। वेदांता एल्युमीनियम के वायर रॉड्स और रोल्ड प्रोडक्ट्स के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण गुणवत्ता, सुरक्षा और नियमों का पालन करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम उन्नत टेक्नोलॉजी और नवाचार अपनाने को हमेशा प्रखर रखते हैं, यही वजह है कि



इस उपलब्धि को हासिल करना हमारे लिए संभव हो पाया है। हम भारत में उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए तत्पर हैं। हमारे प्रोडक्ट्स वैश्विक और राष्ट्रीय मानकों को दृढ़ता से पूरा करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में भारत का समर्थन कर रहे हैं।

वेदांता एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है, जिसमें रेस्टोरा- लो कार्बन एल्युमीनियम, बिलेट्स, वायर रॉड्स, एलो इंगोट्स, कास्ट बार्स, एएलएसआई टी-इंगोट्स, स्लैब्स और रोल्ड प्रोडक्ट्स शामिल हैं। ये प्रोडक्ट्स एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, निर्माण, विद्युतीकरण, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग जैसे विभिन्न उद्योगों और उपभोक्ता वस्तुओं में काम आते हैं। उन्नत टेक्नोलॉजी और मजबूत अनुसंधान और विकास के साथ, वेदांता 60 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्ट्स की आपूर्ति करता है, जिसकी वजह से इसने विश्व स्तर पर एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में ख्याति स्थापित की है।वेदांता एल्युमीनियम वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी है।भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक यानी 2.37 मिलियन टन एल्युमीनियम के निर्माण के लिए कार्यरत है। मूल्यवर्धित एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स निर्मित करने कंपनी को महारत हासिल है, जो प्रमुख उद्योगों के लिए आवश्यक हैं। एल्युमीनियम क्षेत्र के लिए वेदांता एल्युमीनियम को एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 में शीर्ष कंपनी के रूप में मान्यता दी गई है, जो सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के प्रति इसकी मजबूत प्रतिबद्धता को उजागर करता है। भारत में कंपनी के उन्नत एल्युमीनियम स्मेल्टर्स, एल्युमिना रिफाइनरी और पावर प्लांट्स संचालित हो रहे हैं, जिनकी सहायता से कंपनी का लक्ष्य हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## मनीष बने मंडल अध्यक्ष

**कोरबा।** बांकीमोगरा के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत के निधन के बाद अध्यक्ष का पद रिक्त पड़ा हुआ था। अब इसस पद पर मनीष मिश्रा की नियुक्ति की गई है। चुकिं मनीष मिश्रा महामत्री थे। इस लिए उनके स्थान पर अश्वनी साहू को मंडल का महामंत्री बनाया गया है। हनुमान पाण्डेय पहले से महामंत्री है। मनीष मिश्रा के बाद से कार्यो में सक्रियता आ गई है।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में रहने वाले एक युवा व्यवसायी ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम जंगलु बरेठ था। शिव मंदिर चौक स्थित एक होटल में खुद को फांसी के फंदे से लटका लिया। जंगलु ने किन कारणों से आत्महत्या की इस बात का पता नहीं चल सका है। फांसी लगाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर लाश को पीएम के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के साथ मर्ग जांच के दौरान की आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने बताया कि मामले में तथ्यों की जांच की जा रही है।
























स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
के
36वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
ACC TRUSTED QUALITY OVER 75 YEARS
ACC cement
Cementing Relationships
श्री अम्बे ट्रेडिंग कंपनी
एसीसी सीमेंट (C&F) के विक्रेता
मेन रोड दादर, कोरबा छ.ग.


तरुण छत्तीसगढ़
भारी बारिश के कारण मुंबई-पुणे-पिंपरी चिंचवड़ में स्कूल-कॉलेज बंद, आईएमडी की चेतावनी जारी, पुलिस-बीएमसी अलर्ट
निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
के
36वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
मेसर्स एच.आर.कंस्ट्रक्शन
सिविल कांट्रेक्टर
कोरबा, जिला : कोरबा छ.ग.


तरुण छत्तीसगढ़
निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरुण छत्तीसगढ़
के
36वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
समस्त अधिकारी
एवं कर्मचारीगण
वनमंडल, कोरबा
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष, निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र
तरुण छत्तीसगढ़
के 36वें स्थापना दिवस पर
शुभकामनाएं
तरुण छत्तीसगढ़
-: शुभेच्छु :-
मेसर्स जे.पी.इंटरप्राइजेस
सिविल कान्ट्रेक्टर
कोरबा , जिला-कोरबा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरूण छत्तीसगढ़
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूलाल जायसवाल
अध्यक्ष
सर्व जायसवाल समाज,
जिला: जांजगीर -चांपा छ.ग.
श्रीमती सरोजनी जायसवाल
पूर्व अध्यक्ष
जनपद पंचायत बम्हनीडीह
जिला: जांजगीर -चांपा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष
निर्भिक जन-जन
के लोकप्रिय समाचार पत्र
ज्योतिनंद दुबे
पूर्व अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़
के 36वें स्थापना दिवस पर
एस.ई.सी.एल. गेवरा
में कार्यरत समस्त अधिकारी
कर्मचारी एवं ठेकेदारगण
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर
अमर सुल्तानिया
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
जिला : जांजगीर -चांपा छ.ग.


निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार
स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर
:: शुभेच्छु ::
दीपक सलूजा
खालसा ट्रांसपोर्ट कंपनी
चांपा, जिलाः जांजगीर चांपा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
एस.ई.सी.एल. कुसमुंडा
में कार्यरत समस्त अधिकारी
कर्मचारी एवं ठेकेदारगण
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़
के 36वें स्थापना दिवस पर
वन परिक्षेत्र अधिकारी
कुदमुरा एवं समस्त स्टॉफ
वनमंडल, कोरबा
जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
वन परिक्षेत्र अधिकारी
बालको एवं समस्त स्टॉफ
वनमंडल, कोरबा
जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत
उत्पादन कंपनी कोरबा पश्चिम
एच.टी.पी.पी. में कार्यरत समस्त
अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारगण
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़
के 36वें स्थापना दिवस पर
एस.ई.सी.एल. कोरबा पूर्व
में कार्यरत समस्त अधिकारी
कर्मचारी एवं ठेकेदारगण
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.


राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक
जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
वन परिक्षेत्र अधिकारी
केन्दई एवं समस्त स्टॉफ
वनमंडल, कोरबा
जिलाः कोरबा छ.ग.

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**टीकाराम मनहर**
ब्लाक अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी
बांकीमोंगरा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**श्यामनारायण सोनी**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**फूलचंद सोनवानी**
पार्षद व जिलाध्यक्ष
बहुजन समाज पार्टी
कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**दीपचंद केशरवानी**
युवक कांग्रेस नेता
रजगामार
कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**प्रीति स्वर्णकार**
प्रदेश अध्यक्ष स्वर्णकार
समाज महिला विंग
वेलफेयर एसोसिएशन

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**रमा मिरी**
मंत्री, कोसाबाड़ी
मंडल, विशेष
आमंत्रित सदस्य
भाजपा अजा मोर्चा
जिला कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**दिनेश तिवारी**
जिला कार्यालय मंत्री
व कुदमुरा मंडल
प्रभारी युवा मोर्चा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**दीक्षित देवांगन**
प्रदेश कार्य समिति
सदस्य युवा मोर्चा
छ.ग.

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**सुभाष राठौर**
सहप्रभारी चांपा
जांजगीर युवा
मोर्चा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**प्रकाश यादव**
महामंत्री युवा
मोर्चा उरगा
मंडल

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**कमल जीत सिंह**
जिला सह संयोजक
भाजपा झुग्गी झोपड़ी
प्रकोष्ठ कोरबा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**धनंजय चौहान**
नगर मंडल
अध्यक्ष युवा
मोर्चा कुदमुरा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**श्रीमती मनोरमा शर्मा**
प्रदेश कार्य समिति
सदस्य भाजपा महिला
मोर्चा

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**दिलीप सिंह**
ब्लाक अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी
दीपका

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई




**रामनारायण सोनी**
पूर्व सभापति
नगर पालिक निगम
कोरबा



**सिद्धांत नारायण सोनी**
मंत्री भाजयुमो
कोसाबाड़ी नगर मंडल

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**विकास शुक्ला**
प्रदेश सचिव कांग्रेस
छग कार्यवाहक अध्यक्ष
एसईकेएमसी गेवरा एरिया

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**बी. डी. महंत**
सचिव एसईकेएमसी
कुसमुंडा प्रोजेक्ट

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**विशाल शुक्ला**
उपाध्यक्ष
ब्लाक कांग्रेस
कमेटी दीपका

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**लखन राठौर**
पूर्व पार्षद व
भाजपा नेता
गेवरा बस्ती

दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई



**सरजू अजय**
जिलाध्यक्ष
भाजपा अजा
मोर्चा कोरबा

## अनमोल वचन......

**एक अच्छी जिंदगी बहुत बुरे वक्त से गुजर कर आती है**

# वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा

पर्यावरणविदों के मुताबिक 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वन वृद्धि मुख्य रूप से वन' की परिभाषा बदलने के कारण हासिल हुई है। नेशलन ग्रीन ट्रब्यूनल (एनजीटी) जांच कर रहा है कि क्या सरकारी दावों के विपरीत भारत में प्राकृतिक जंगल तेजी से घट रहे हैं। सरकार ने यह कहानी दुनिया भर में फैलाई है कि पिछले दो दशकों में भारत के हरित क्षेत्र में भारी वृद्धि हुई है। एनजीटी में मई में दर्ज एक मामले में कहा गया कि सरकार का ये दावा गलत है। मुकदमे में कहा गया है कि पिछले 24 साल में भारत ने 23,000 वर्ग किलोमीटर पेड़ों का आवरण खो दिया है। इस आंकड़े का स्रोत ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच गया है, जो एक स्वतंत्र संगठन है और उपग्रह से ली गई तस्वीरों से विश्व भर के जंगलों समय में आंकड़े प्रकाशित करता है। हाल की तस्वीरों से पता चला कि 2013 से 2023 के बीच भारत में 95 फीसदी पेड़ों का नुकसान प्राकृतिक जंगलों में हुआ है। जबकि सरकारी आंकड़ों में दिखाया गया है कि 1999 से भारत का वन क्षेत्र बढ़ा है। सरकार की पिछली रिपोर्ट के अनुसार 2019 से 2021 के बीच वन और वृक्ष आवरण में 2,261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई। सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले पर्यावरणविदों का कहना है कि आंकड़ों में यह अंतर्विरोध इसलिए है, क्योंकि 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वृद्धि मुख्य रूप से वन' की परिभाषा बदलने के कारण है। नई परिभाषा में वनों के बाहर के हरे क्षेत्रों को भी शामिल कर लिया गया है। इस मामले में भारत की साख दांव पर है। भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य घोषित करते हुए अपने वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा किया है। अगर एनजीटी में पर्यावरणवादी अपने केस को पुष्ट करने में सफल हो जाते हैं, तो भारत के इस दावे पर गंभीर सवाल उठ खड़े होंगे कि 2070 का लक्ष्य पाने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की कुछ ऐसी कहानियां पहले भी तथ्यों की रोशनी में संदिग्ध हो चुकी हैं। क्या इस मामले में भी ऐसा ही होगा।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा, जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

मिथुन राशिः आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यवसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों और स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं।

कर्क राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा। दांपत्य संबंध सुखद और खुशहाली पूर्ण रहेंगे। आज कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। व्यस्तता की वजह से अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना बरतें और व्यवस्थित दिनचर्या रखें और खुद की सेहत पर ध्यान देंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी कोई प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जाएगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी और आप खुद को ऊर्जावान और सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है। आपकीं आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज अनुकूल परिणाम मिलने से आप अपने अंदर भरपूर ऊर्जा और सुकून महसूस करेंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे,वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई व्यक्ति आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। मन में किसी भी तरह के निराशाजनक विचारों को ना आने दे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज कोई भी लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है।आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तो की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में भी सुख शांति बनी रहेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान-प्रदान करना संबंधों में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

# मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल आज पूरे हो गए!

//नरेंद्र मोदी//

**यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था- विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।आज आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत्यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व्यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथक सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत्यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है।**

यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था- विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था।

मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है - यह 7500त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99त्न मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं।

हमारे इस्पात उद्योग पर एक नजर डालें तो हम विशुद्ध रूप से तैयार स्टील के निर्यातक बन गए हैं, जिसका कुल उत्पादन वर्ष 2014 से लेकर अब तक 50त्न से भी अधिक बढ़ गया है।

हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी!

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400त्न बढ़ गई है। हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था। रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है।

'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान, मैंने एक जीवंत खिलौना उद्योग की आवश्यकता के बारे में बात की थी और हमारे लोगों ने दिखाया कि यह कैसे किया जाता है! पिछले कुछ वर्षों में, हमने निर्यात में जहां 239प्रतिशत की वृद्धि देखी है, वहीं, आयात आधे से भी कम हो गया है, जिसका विशेष रूप से हमारे स्थानीय विनिर्माताओं और विक्रेताओं को लाभ हुआ है, छोटे बच्चों का तो कहना ही क्या! )

आज के भारत के कई प्रतीक - हमारी वंदे भारत ट्रेनें, ब्रह्मोस मिसाइलें और हमारे हाथों में मोबाइल फोन - सभी पर गर्व के साथ मेक इन इंडिया लेबल नजर आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, इससे भारतीय प्रतिभा और गुणवत्ता का पता चलता है।

मेक इन इंडिया पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसने गरीबों को बड़े सपने देखने और आकांक्षाएं के लिए पंख दिए हैं- इसने उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि वे वेल्थ क्रिएटर बन सकते हैं। एमएसएमई क्षेत्र पर इसका प्रभाव भी उतना ही उल्लेखनीय है।

एक सरकार के रूप में, हम इस भावना को और भी मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा एक दशक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ बोलता है। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं गेम चेंजर रही हैं, जिससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश संभव हुआ है और लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हमने व्यापार को आसान बनाने के लिए भी खासे प्रयास किए हैं।

आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ चल रहा है- हम लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का सही मिश्रण हैं। हमारे पास वो सब कुछ है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक हैं और जिन्हें व्यापार के लिए एक विश्वसनीय भागीदार में देखा जाता है। हमारे पास सबसे शानदार युवा शक्ति भी है, जिसके स्टार्टअप की सफलता सभी के सामने है।

इस प्रकार, माहौल स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत मजबूती से विकास की राह पर बना हुआ है। आज, हमें वैश्विक विकास के नेतृत्व करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। मैं अपने युवा मित्रों से आह्वान करता हूं कि वे आएं और मेक इन इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारा साथ दें। हम सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। जीरो डिफेक्ट हमारा मंत्र होना चाहिए। हम मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि विश्व के लिए विनिर्माण और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

# भ्रष्टाचार से पीड़ित देशवासी

//ओमप्रकाश मेहता//

**एक जमाना था, जब राजनीति को सही अर्थों में जनसेवा का सशक्त माध्यम माना जाता था, किंत अब यही माध्यम भ्रष्टाचार का सशक्त माध्यम बन गया है और आज के सत्ताधीश इस सामाजिक कोढ को मिटानें के नही, बल्कि इसके विस्तार के माध्यम बने हुए है, सवाल अब सिर्फ भ्रष्टाचार को सिर्फ आगे बढ़ानें का नही बल्कि उसे कानूनी रूप से रोकने या खत्म करने की शपथ वाली एजेंसियां भी इस कोढ के विस्तार का माध्यम बना दी गई है, आज की राजननीति नें सीबीआइ, सीआईडी जैसी सरकारी जोंच ऐजेंसियों को अपने तुच्छ इरादों और मकसदों का माध्यम बना रखा है और इन तथाकथित स्वतंत्र जांच एजेंसियों पर कब्जा कर इन्हें इनके कार्य व दायित्व को ईमानदारी से निभानें में अवरोध पैदा करना शुरू कर दिया है।**

इन्हें स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व निर्वहन की अनुमति ही नही दी जा रही है, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट है, जिसमें खुलासा किया गया है कि केन्द्रीय अन्वेष्ण ब्यूरो (सीबीआई) गंभीर भग्रष्टाचार सें सम्बन्धित 212 मामलों की जांच करके दोषियों को दण्डित करना चाहती है, लेकिन चूंकि इस जांच के लिए केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों की मंजूरी कानूनी तौर पर जरूरी है और केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों में विराजित आरोपित अधिकारी व नेता जांच करवाना नही चाहतें, इसलिए सीबीआई इनकी जॉच नही कर पा रही है, सीबीआई के पास ऐसी जॉच की अनुमति के प्रकरण पिछले वर्षो से लम्बित है और सम्बन्धित भ्रष्ट अधिकारी व नेता यह जॉच होनें नही देना चाहते?

अब यहां सवाल यह है कि जिनकी जॉच होना है, वे ही भला जॉच की अनुमति कैसे देगें? यह अनुमति का प्रावधान रखा ही क्यों गया? जब सीबीआई, सीआईडी कों स्वतंत्र जॉच एजेंसी का दर्जा दिया ग्रया है तो फिर उनकी स्वतंत्रता' क्यों छीन ली गई? आज इसी बात को लेकर केंद्रीय सतर्कता जॉच आयोग (सीबीआई) कॉफी परेशान है, फिर सवाल यह भी है कि सीबीसी (सतर्कता आयोग) जब कानूनी रूप से स्वतंत्र है तो सलाहो को केन्द्र व राज्य सरकारें मानती क्यों नही है?

सीबीआई ने दिसम्बर 2023 तक की जारी अपनी रिपोर्ट में उन मामलों का भी जिक्र किया है, जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दर-किनार कर दिया गया इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केन्द्र सरकार के अधीन संस्थाऐं (पीएसयू बैंक आदि) शामिल है, सीबीसी केंन्द्रीय मंत्रालायों और पीएसयू बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीबीओ) के जरिए भ्रष्टाचार पर अनियमितताओं पर नजर रखता है। इस रिपोर्ट में मुख्य राज्य सरकारों व केंद्र शासित राज्यों में लम्बित मामलों की जानकारी भी दी गई है, जिनमें महाराष्ट्र में तीन, उत्तरप्रदेश में दस, पश्चिम बंगाल में चार, जम्मू-कश्मीर में चार, पंजाब में चार, मध्यप्रदेश में एक व अन्य पन्द्रह मामलें है, इन 41मामलों में 149 अधिकारी शामिल बताए गए है। इनके अलावा 81 अन्य मामलें तीन माह से ज्यादा पुराने है। लम्बित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले लम्बित है, इनकी लम्बे समय से जॉच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी अभियोजन की मंजूरी के अभाव मे ये मामले लम्बित है और सरकार के विभिन्न पदों पर अभी भी विराजित ये अधिकारी अपनी भ्रष्टाचार की भूख को शांत नही कर पा रहे है और उसमे दिन दूनी रात चौगनी अभिवृद्धि हो रही है।

अब सीबीआई अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करना चाहती है, किंतु वह करें कैसे? अभियोजन की मॅजूरी का अवरोध सामने जो है? अब सवाल यही मूल है कि भ्रष्टाचार मिटे कैसे, उसे मिटाने की किसी को चाहत तो हो? इसका एक ही सरल उपाय है सीबीआई, सीआईडी को जॉच की अनुमति के बन्धन से मुक्त कर उसे स्वतंत्र छोड़ दिया जाए, जो आज कें इस युग मे सम्भव नही है।

ज.और इस मामलें में स्पष्ट व न्यायपूर्ण सोच के अभाव में यह रोग अब महारोग बनता जा रहा है, जो संक्रमण की तरह हर सरकार को खोखला करता जा रहा है और इस बारे में कहीं किसी भी दिशा या स्तर पर गंभीरता नही है आखिर यही हाल रहा तो इस देश का क्या होगा। इस सवाल का अब कोई महत्व नही है, क्योंकि इसका उत्तर किसी के पास भी नही है, चिंतित है तो केवल और केवल भ्रष्टाचार से पीड़ित देशवासी।

# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

//अशोक मधुप//

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वर्गीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं। आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन ख़त्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों-गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं।

तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नहीं कराता। संबंधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है। शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं।

## तस्वीरों की दुनिया


गुवाहाटी में विश्व हृदय दिवस पर सीएसआई, एनई चैप्टर और कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ असम द्वारा आयोजित जागरूकता रैली में भाग लेते लोग।


केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हार्ट कार्यक्रम के दौरान प्राइमस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल द्वारा इंडिया गेट से भारत मंडपम तक आयोजित 3 किलोमीटर मैराथन को हरी झंडी दिखाई।


राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरदचंद्र पवार कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले को भारती विश्वविद्यालय, पुणे में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के मेवालाल गुप्ता गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित भव्य सभागार, कक्षों एवं प्रशासनिक भवन के उद्घाटन के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्राप्त किया।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा सांसद रवि किशन गोरखपुर के मेवालाल गुप्ता गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित भव्य सभागार, कक्षों और प्रशासनिक भवन के उद्घाटन के दौरान।


केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान देवास के काठेगांव जाते समय इच्छावर में स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने पर एक बच्चे को गोद में लिए हुए हैं।


गुरुग्राम में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार बीर सिंह के समर्थन में आयोजित एक सार्वजनिक रैली के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आप नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।

# बिहार में बाढ़ से तबाही... 5 लोग डूबे, कई तटबंध टूटने से हड़कंप, लाखों की आबादी प्रभावित



पटना, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

नेपाल में लगातार वर्षा से बिहार में नदियों ने रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड के भुभोल गांव के समीप कोसी नदी का पश्चिमी तटबंध करीब 10 मीटर की दूरी में रविवार की देर रात टूट गया। पश्चिमी तटबंध पर करीब आठ नौ किलोमीटर में तीन से चार फीट पानी बह रहा है। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने बताया कि किरतपुर के आठ पंचायत के लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए माइकिंग की गई है। इस पानी से कुशेश्वरस्थान, घनश्याम पुर, गोडाबोराम का इलाका प्रभावित होगा।

इसके अलावा, उत्तर बिहार में रविवार को छह अन्य तटबंध भी टूट गए। इनमें सीतामढ़ी के तीन, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और शिवहर में एक-एक शामिल हैं। पश्चिम चंपारण में एक सुरक्षा बांध भी ध्वस्त हो गया।सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है, जबकि हजारों एकड़ में लगी फसल डूब गई है। लाखों की आबादी प्रभावित है और हजारों की संख्या में लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में पलायन कर रहे हैं। वाल्मीकिनगर बराज से 3.61 लाख व मधुबनी में कोसी बराज से 6.68 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जोगबनी स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर पानी लगने से छह घंटे ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। इस बीच पूर्व बिहार, कोसी व सीमांचल में रविवार को पांच लोग डूब गए। विदित हो कि नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए 20 जिलों में अलर्ट जारी है। दरभंगा में कोसी बांध में कई जगह रिसाव हो रहा है।बगहा शहर में पानी घुस गया है, वहीं सीतामढ़ी शहर तक पानी पहुंच गया है। सीतामढ़ी के बेलसंड प्रखंड के मधकौल में बागमती का तटबंध 80 फीट में टूट गया है। इससे करीब एक लाख की आबादी प्रभावित है। बेलसंड में बागमती का बायां तटबंध रात करीब साढ़े आठ बजे टूट गया। यहां सुबह से ही रिसाव हो रहा था। इसी जिले में बागमती का दाहिना तटबंध बलुआ पंचायत के खरौउवा गांव के समीप रात नौ बजे टूट गया। बागमती परियोजना के सहायक अभियंता का कहना है कि 12 साल बाद इतना पानी बागमती में आया है। पश्चिम चंपारण के बगहा-एक प्रखंड में रजवटिया-रतवल बांध गंडक के पानी के दबाव में खैरटवा गांव के पास टूट गया। इससे करीब 30 हजार की आबादी प्रभावित है। सिकटा प्रखंड के बलरामपुर में ओरिया नदी का सुरक्षा बांध ध्वस्त हो गया। वहीं, शिवहर में रविवार की रात तरियानी छपरा स्थित बागमती का तटबंध मध्य विद्यालय के पास 20 फीट में टूट गया। तरियानी प्रखंड में तीन जगहों पर तथा इसके अलावा बेलवा में सुरक्षा तटबंध में रिसाव हो रहा है। जिले में 20 गांवों में छह हजार से अधिक आबादी प्रभावित हो गई है।यहां बागमती के कहर से 25 हजार एकड़ फसल डूब गई है। पूर्वी चंपारण की फुलवार उत्तरी पंचायत में दुधौरा नदी का दायां तटबंध करीब 15 फीट में टूट गया है। वहीं, जिले के घोड़ासहन प्रखंड टेका पुल के पास बना डायवर्सन ध्वस्त हो गया। बगहा में 40 गांवों की 30 हजार आबादी प्रभावित है, 10 हजार एकड़ में फसल डूब गई है। मधुबनी में 25 गांव में पानी फैल गया है। यहां लगभग 1.5 लाख आबादी प्रभावित है। करीब 15 हजार एकड़ में फसल डूब गई है। दरभंगा में 100 से अधिक गांवों में एक लाख से अधिक आबादी प्रभावित है। बेतिया में करीब 50 हजार की आबादी प्रभावित है। करीब 20 हजार एकड़ की फसल प्रभावित है। पूर्वी चंपारण में बाढ़ का आंशिक प्रभाव है। गंडक बराज से तीन बजे तक तीन लाख, 61 हजार 400 क्यूसेक, जबकि कोसी बराज से सुबह 10 बजे 6.68 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इधर, मधुबनी में कमला बलान खतरे के निशान से दो मीटर 22 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

## चुनाव से पहले भाजपा का बागियों पर एक्शन


### रणजीत चौटाला समेत 8 नेताओं को पार्टी से निकाला



चंडीगढ़, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

हरियाणा में भाजपा ने पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे बागियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला समेत आठ बागी नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया है। कांग्रेस भी 24 बागियों को पार्टी से निकाल चुकी है। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला सिरसा की रानियां सीट से निर्दलीय चुनाव लड़े रहे हैं। वह 2019 में निर्दलीय जीतकर आए थे और पूरे पांच साल तक भाजपा सरकार में मंत्री रहे। भाजपा ने उन्हें हिसार से लोकसभा चुनाव लड़वाया, लेकिन वह हार गए। कार्रवाई की जद में आए अन्य नेताओं में संदीप गर्ग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्वाचन क्षेत्र लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं। संदीप गर्ग कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भी टिकट के दावेदार थे, लेकिन नवीन जिंदल के आने के बाद उन्होंने दावेदारी वापस ले ली थी। अन्य नेताओं में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गोयल, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जिलेराम शर्मा, देवेंद्र कादियान, राधा अहलावत, केहर सिंह रावत, बचन सिंह आर्य और देवेंद्र कौशिक शामिल हैं। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। राज्य की सभी विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। चुनाव के लिए चुनाव आयोग के साथ-साथ सभी राजनीतिक दल भी तैयार हैं।

# कुंभ मेले के दौरान चलाई जाएंगी 992 विशेष ट्रेनें, रेल मंत्री ने की समीक्षा बैठक



नईदिल्ली, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

रेल मंत्रालय कुंभ मेले के लिए बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें चलाने की दिशा में काम कर रहा है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुंभ मेले के दौरान 992 विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। कुंभ मेले का आयोजन अगले साल जनवरी में प्रयागराज में होगा। अधिकारियों के अनुसार, विशेष ट्रेनें चलाने के अलावा, मंत्रालय ने यात्रियों के लिए विभिन्न बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के निर्माण के लिए 933 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। कुंभ मेले के लिए प्रयागराज डिवीजन और आसपास के क्षेत्रों में 3,700 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है ताकि ट्रेनों की सुचारू आवाजाही हो सके।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और वी सोमन्ना ने 12 जनवरी से शुरू होने वाले कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से निपटने के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए शनिवार को बैठकें कीं।

कुंभ मेले में 30 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, इसलिए रेल मंत्रालय ने प्रयागराज के लिए विभिन्न शहरों से 6,580 नियमित ट्रेनों के अलावा विशेष ट्रेनें चलायी जाएंगी। एक अधिकारी ने कहा कि पिछले अनुभव के आधार पर हमने स्पेशल ट्रेनों की संख्या 42 प्रतिशत बढ़ाकर 992 करने का फैसला किया है।

# सासाराम फोरलेन पर बड़ा हादसा, खड़े ट्रक में बस ने मारी टक्कर, 3 की मौत और 15 घायल



सासाराम, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

बिहार के सासाराम से एक बड़ी खबर सामने आई है। एक बस ने सासाराम फोरलेन पर खड़े ट्रक में टक्कर मार दी है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, आठ महिलाएं सहित 15 लोगों के घायल होने की सूचना है। चेनारी थाना क्षेत्र के सबराबाद में सोमवार सुबह की यह घटना है।

मृतक गोवर्धन सिंह, बाला सिंह और राजेंद्र सिंह राजस्थान के जलावर जिला के निवासी बताए जाते हैं। राजस्थान से पिंडदान करने के लिए गया जा रहे थे।

## कश्मीरी छात्रा को परेशान करने पर एएमयू में पश्चिम बंगाल के छात्र की पिटाई, छात्रों ने किया हंगामा



अलीगढ़, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एसएस नार्थ हाल में रविवार की रात पश्चिम बंगाल के एक छात्र को साथी छात्रों ने पीट दिया। उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। आरोप है कि छात्र एक कश्मीरी छात्रा को परेशान करता था।पश्चिम बंगाल का छात्र पीएचडी कर रहा है। वह एमएम हाल में रहता है। रविवार की रात वह किसी छात्र से मिलने एसएस नार्थ आया था। जहां कुछ छात्रों ने उसकी पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि छात्र किसी कश्मीरी छात्रा को परेशान करता थे। घटना के विरोध में पश्चिम बंगाल के छात्र देर रात प्रॉक्टर कार्यालय पहुंचे गए। कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने हंगामा भी किया। डिप्टी प्रॉक्टर प्रो. एस नवाज जैदी के अनुसार देर रात तक छात्र की ओर से लिखित में कुछ नहीं मिला था। घटना के मूल में लड़की को परेशान करने की बात सामने आ रही। सही क्या है, जांच के बाद पता चल सकेगा।

## यूपी सरकार का बड़ा एक्शन, ऊर्जा निगम के तीन अधीक्षण अभियंता को किया निलंबित



लखनऊ, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

विभागीय कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में ऊर्जा निगम ने बनारस, अलीगढ़ व बरेली शहरी डिवीजन के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया, आरके मिश्रा व अम्बा प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है। यह अधिकारी ऊर्जा निगम की बैठक में वाणिज्य एवं तकनीकी विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सके थे।ऊर्जा निगम के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने रविवार को शक्ति भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी डिस्काम के कार्यों की समीक्षा की और कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था के लिए यह जरूरी है कि हम जितनी बिजली दें उतना बिल वसूलें। उन्होंने कहा कि अभी भी कई स्थानों पर शट डाउन या विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रही है। इस प्रकार की सूचना उपभोक्ताओं तक पहुंचाना जरूरी है। साथ ही 1,912 पर सूचना दी जाए।

उन्होंने केस्को, नोएडा की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को यह जानकारी भी दी जाए कि आपूर्ति बाधित क्यों है और कब तक आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। उन्होंने ट्रांसफार्मरों को खराब होने से बचाने के लिए के लिए उनके रखरखाव के निर्देश दिए। कहा कि जहां कहीं भी ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता कम नहीं होगी वहां कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लाइन हानियों को कम करने के लिए बिजली चोरी रोकने के निर्देश दिए। कहा कि जिन क्षेत्रों में ज्यादा बिजली चोरी हो रही है उन्हें फीडर वाइज चिह्नित कर अभियान चलाया जाए।

## एयरबैग खुलने की वजह से दो साल की बच्ची की मौत, दम घुटने से गई जान

मलप्पुरम, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

केरल के मलप्पुरम जिले में दुर्घटनाग्रस्त कार में एयरबैग खुल



जाने से दो साल की बच्ची की जान चली गई। बच्चे की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी कि शुक्रवार शाम जब बच्ची अपने परिवार के सदस्यों के साथ कोट्टाकल-पडापरम्बु क्षेत्र से गुजर रही थी तभी कार और लॉरी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर के कारण एयरबैग अचानक खुल गया। आगे की सीट पर अपनी मां की गोद में बैठी बच्ची का एयरबैग खुलने के कारण दम घुटने लगा। जानकारी के मुताबिक, बच्ची का चेहरा एयरबैग पर दब गया। इस हादसे में मां सहित चार लोगों को मामूली चोटें आई है।

# कमरे में ले जाकर जबरन दिखाया पोर्न, एक्ट्रेस ने फिल्ममेकर को लेकर किया सनसनीखेज खुलासा



नईदिल्ली, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में हेमा समिति की रिपोर्ट आने के बाद से एक के बाद एक यौन उत्पीड़न से जुड़े सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। फिल्म की मशहूर अभिनेत्री रहीं मीनू मुनीर ने कुछ दिनों पहले ये दावा किया है था कि साल 2013 में जब वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही थीं, तो उनके सह-कलाकारों और टेक्नीशियन ने उनके साथ मौखिक और शारीरिक रूप से बदसलूकी की थी। इसी बीच मीनू ने मलयालम फिल्ममेकर-एक्टर बालचंद्र मेनन पर एक और गंभीर आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने दावा किया कि साल 2007 में बालचंद्र ने उन्हें अपने कमरे में ग्रुप सेक्स देखने पर मजबूर किया। मुनीर ने कहा कि कमरे में उनके साथ और भी कई लोग थे। उस कमरे में उनके साथ तीन लड़कियां और थी। जब मैं कमरे से बाहर जाने लगी तो बालचंद्र ने मुझे जबरदस्ती बैठने के लिए कहा। इससे पहले मुनीर ने शारीरिक और मौखिक तौर पर उत्पीड़न करने के मामले में सात लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

कुछ दिनों पहले मुनीर ने फेसबुक अकाउंट पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए दावा किया, मैं उन सभी घटनाओं के बारे में लिख रही हूं, जब मुझे मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में शारीरिक और मौखिक रूप से मुकेश, मानियन पिल्ला राजू, इदावेला बाबू, जयसूर्या, एडवोकेट चंद्रशेखरन, प्रोडक्शन कंट्रोलर नोबल और विचू के हाथों प्रताड़ित किया गया।

## दो बेटों ने मिलकर मां को पेड़ से लटकाया और..., पुलिस ने बताई वारदात की पूरी कहानी

**अगरतला।** त्रिपुरा में एक बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी। पश्चिमी त्रिपुरा में एक 62 वर्षीय महिला को उसके दो बेटों ने पेड़ से बांधकर कथित तौर पर जिंदा जला दिया। पुलिस ने दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को संदेह है कि पारिवारिक विवाद की वजह से दोनों बेटों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। यह घटना चंपकनगर थाना क्षेत्र के खमारबाड़ी में शनिवार रात को हुई। करीब डेढ़ साल पहले महिला के पति की मौत हो गई थी। महिला अपने दो बेटों के साथ रहती थी।

# लेबनान में इजरायल ने फिर मचाई तबाही, एयर स्ट्राइक में 105 को मारा, एक हफ्ते में हिजबुल्लाह का सातवां कमांडर ढेर

बेरूत, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

हिजबुल्लाह चीफ सैय्यद हसन नसरल्लाह की मौत के बाद भी लेबनान में इजरायल का कहर थम नहीं रहा है। रविवार को भी इजरायल ने पूरे लेबनान में भीषण बमबारी की। इसमें 105 लोगों की जान गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हवाई हमलों में 359 लोग घायल हुए हैं। सबसे अधिक 48 मौतें ऐन अल-डेलब और टायर क्षेत्र में हुई हैं।स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजरायली हवाई हमलों में काना अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा बेका घाटी के बालबेक-हर्मेल में इजरायली हमले में 33 लोगों की जान गई और 97 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने पहली बार लेबनान के कोला क्षेत्र में भीषण बमबारी की। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमान लगातार पूरे देश में एयर स्ट्राइक करने में जुटे हैं। बेरूत के कोला जिले में फिलिस्तीन मुक्ति मोर्चा के तीन नेता भी हवाई हमले में मारे गए हैं। इसके अलावा इजरायली सेना ने बेका घाटी में हिजबुल्लाह के दर्जनों ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि वह हिजबुल्लाह के हथियार डिपो को निशाना बनाना जारी रखेगी। लेबनान की सरकार के मुताबिक इजरायली हवाई हमलों में अब तक 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 6,000 लोग घायल हैं। रविवार को इजरायली वायुसेना ने पश्चिमी यमन में दूसरी बार बड़ा हवाई हमला किया है। यह हमला इजरायल ने हूती विद्रोहियों के बैलिस्टिक मिसाइल के जवाब में किया। हमले में चार लोगों की जान गई है और 29 घायल हुए हैं। इससे पहले जुलाई में भी इजरायल ने यमन के होदेइदाह बंदरगाह को निशाना बनाया था। हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह का शव बंकर से बरामद हो गया है। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। शुक्रवार यानी 27 सितंबर को इजरायली एयर स्ट्राइक में नसरल्लाह मारा गया था। इजरायल ने हिजबुल्लाह के मुख्यालय को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना के मुताबिक हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के साथ संगठन के 20 अन्य सदस्यों की भी जान गई है। इससे पहले इजरायल हवाई हमलों में कई अन्य कमांडरों को ढेर कर चुका है। इनमें फुआद शुकर और इब्राहिम अकील प्रमुख नाम हैं। इजरायल ने एक हफ्ते के भीतर हिजबुल्लाह के सातवें कमांडर को ढेर कर दिया है। इस कमांडर का नाम नबील कौक था। नबील हिजबुल्लाह की केंद्रीय परिषद का उप प्रमुख था। लेबनान पर इजरायल के भीषण हमलों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जल्द ही इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करेंगे। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद यह दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत होगी।

## मौसम सुहाना तो पर्यटक हुआ मनाली का दीवाना, होटलों में हो रही एडवांस बुकिंग, वीकेंड में ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत के पार



मनाली, 30 सितम्बर [एजेंसी]।

पर्यटन नगरी मनाली में मौसम सुहाना होते ही पर्यटक मनाली का दीवाना हो गया है। घाटी में धूप खिलते ही बर्फ की सफेदी ओढ़े पहाड़ निखर उठे हैं। इस सप्ताहांत होटलों, गेस्ट हाउस, होम स्टे, कोटेज सहित सभी पर्यटन इकाइयों में रौनक लौट आई है। सप्ताहांत में होटलों में ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत के पार हो गई है। साप्ताहांत के कारण रविवार को 267 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे जबकि बाहरी राज्यों से भी 24 घंटे के भीतर 800 से अधिक वाहन मनाली आए। रेहड़ी-फड़ी से लेकर होटल कारोबारियों तक सभी को उम्मीद है कि दशहरा दीवाली सीजन में पर्यटन एक बार फिर से गति पकड़ लेगा। होटल हॉली-डे कोटेज के एमडी रोशन ठाकुर व जन्नत रिजेंसी के संचालक इंद्र ठाकुर का कहना है कि उन्होंने अपने होटलों में कुल्लवी नाटी की भी व्यवस्था की है। दशहरा सहित दिवाली को लेकर एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

होटल स्नो वैली रिजार्ट के एमडी विम्पी बख्शी व स्नो फ्लेक्स के एमडी दीपांकर कपूर ने कहा कि उन्होंने अपने होटलों में डीजे व नाटी सहित कैंडल डिनर की भी व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण जुलाई से मंदी छाई है लेकिन अब पर्यटन ने रफ्तार पकड़ी है। पर्यटन कारोबारी रवि व्यास, राजू, बंसी व बलबिंद्र ने बताया कि इस सप्ताहांत ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत के पार हो गई है।

# मंदिर में दर्शन करने के बाद कहीं आप भी तो नहीं बजाते घंटी, क्या कहता है ज्योतिष शास्त्र



हिंदू धर्म में पूजा-पाठ और अनुष्ठान आदि को लेकर तमाम सारी मान्यताएं हैं, इन मान्यताओं को लोग आज भी मानते हैं। इन्हीं रीति-रिवाजों में से एक नियम मंदिर की घंटी बजाना है। अक्सर हम सभी मंदिर में पूजा करने के दौरान घंटी बजाते हैं या मंदिर में प्रवेश करने के दौरान घंटी बजाते हैं। तो वहीं बहुत सारे लोग मंदिर से निकलने के दौरान भी घंटी बजाते हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि मंदिर से निकलने के दौरान घंटी बजाना पूर्ण रूप से गलत माना गया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके पीछे का कारण बताने जा रहे हैं।

**मंदिर की घंटियों का महत्व**

आपने भी मंदिर में घंटी जरूर देखी होगी। बता दें कि हिंदू संस्कृति में मंदिर की घंटियां बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। फिर चाहे वह मंदिर की घंटी हो या किसी पूजा या अनुष्ठान में हो। धार्मिक मान्यता के अनुसार, किसी भी शुभ व धार्मिक कार्य की शुरूआत में घंटी बजाई जाती है। बताया जाता है कि घंटी को बजाने से ऊँ मंत्र का पूरा उच्चारण होता है। जो आपके दिल और दिमाग को शुभता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं यह अनुष्ठान और मूर्तियों की चेतना को जागृत करता है और व्यक्ति के भक्ति के प्रभाव को बढ़ाता है। इसलिए लंबे समय से इस परंपरा का पालन किया जा रहा है।

**मंदिर से लौटते समय क्यों नहीं बजाते घंटी**

धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक मंदिर जाने के दौरान हमारे मन में कई तरह के विचार उत्पन्न होते हैं। यह विचार अच्छे और बुरे दोनों तरह के होते हैं। माना जाता है मंदिर जाने पर जब हम घंटी बजाते हैं, तो हमारे मन में उत्पन्न सभी तरह के निगेटिव विचार और ऊर्जा नष्ट हो जाती है। वहीं मंदिर में देवी-देवताओं के दर्शन के बाद मन में अच्छी ऊर्जा और विचार आने लगते हैं।

ऐसे में मंदिर से निकलने के दौरान घंटी बजाने से दिव्य ऊर्जा भ्रमित होकर नष्ट हो जाती है। इसलिए कहा जाता है कि पॉजिटिव एनर्जी को अपने अंदर बनाए रखने के लिए मंदिर से बाहर निकलने के दौरान घंटी नहीं बजाई जाती है।

# अनार के छिलके का चमत्कार देखकर आप भी हो जाएंगे दंग, काले दाग-धब्बे होगें दूर



आपके घर पर अनार आते हैं लेकिन उनके छिलके फेंक देते हैं तो ऐसा बिल्कुल न करें। अनार के छिलकों को फेंक नहीं, इसका इस्तेमाल स्किन केयर में कई तरीकों से किया जा सकता है। अनार के छिलके आपके चेहरे की चमक बढ़ाने के काम आते हैं। आइए कैसे इसका यूज करें।

बिजी लाइफस्टाइल के चलते आजकल लोगों के पास अपने स्किन केयर के लिए भी टाइम नहीं है। ऐसे में हम सभी महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं और ब्यूटी सैलून से स्किन ट्रीटमेंट कराते है। स्किन ट्रीटमेंट के बाद त्वचा में निखार तो आता लेकिन केमिकल की वजह से कुछ दिन बाद त्वचा बेजान और रंगत खो देती है।कई बार तो चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं। इससे बेहतर है घरेलू उपाय से स्किन को ग्लोइंग बनाना। वैसे तो अनार के दाने खाना सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसी के साथ इसके छिलकों को भी इस्तेमाल किया जा सकता है। अनार के छिलके आपके चेहरे की चमक बढ़ाने के काम आते हैं। आइए कैसे इसका यूज करें।

**अनार के छिलको का इस्तेमाल ऐसे करें**

स्किन पर अनार के छिलकों को इस्तेमाल करने के लिए आप पहले अनार के छिलकों को लें और इसे अच्छी तरह से धो लें। इसे आप एक छन्नी में डालें और इसका सारा पानी पूरी तरह से निकल दें। इसके बाद छिलकों को एक सूती कपड़े पर फैलाएं और अच्छी तरह से सूखने के लिए रख दें। आप इसे धूप में सूखाएं। ये जब अच्छे से सूख जाए और एकदम कड़क हो जाए। इसके बाद आप इनको मिक्सर में डालकर पाउडर बना लें। अब इस पाउडर का यूज आप घरेलू रेमेडीज में कर सकते हैं।

**इन तरीकों से अनार के छिलकों का प्रयोग करें**

**दही में मिलाएं**

एक चम्मच पाउडर को डेढ चम्मच दही के साथ मिलाएं। अच्छे से मिक्स करने के बाद इसे अपने पर लगा लें। 10 मिनट लगा रहने के बाद इसे हाथों से गीला करें और फिर चेहरे की मसाज करते हुए हटा दें।

**ओट्स के साथ इस्तेमाल करें**

इतना ही नहीं, चेहरे को स्क्रब करने के लिए आप इसे ओट्स के साथ मिला सकते हैं। इसके लिए ओट्स पाउडर, अनार छिलके का पाउडर, शहद और दूध के साथ मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और स्क्रबिंग करें। डेड स्किन निकालने और दाग-धब्बे हटाने का ये अच्छा तरीका है।

**गुलाब जल के साथ मिलाएं**

फेस पैक बनाने के लिए अनार के छिलकों को गुलाब जल के साथ भी मिक्स करें।

# रोजाना केला खाना किसी वरदान से कम नहीं है , मिलते हैं जबरदस्त फायदे





फिट रहने के लिए हम सभी क्या नहीं करते हैं लेकिन फिर भी शरीर स्वस्थ नहीं रहता है। क्योंकि हमारी जीवनशैली बेहद ही खराब है। गलत खानपान की वजह से शरीर स्वस्थ नहीं होता बल्कि सुस्त हो जाता है। इसलिए रोजाना केला खाना बहुत जरुरी है। केला में विटामिन बी6, विटामिन सी और पोटेशियम का समृद्ध गुण होते हैं।


अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो डाइट में बस एक चीज शामिल कर लें। फिर देखें कैसे आपके शरीर में चमत्कार होगा। क्या आपको पता हैं कि विश्व भर के लोग सबसे ज्यादा कौन-सा फल खाते हैं? बता दें कि दुनिया में सबसे ज्यादा खाए जाने फल है केला। केला में मिनरल और फाइबर से भरपूर होता है और इसके अनगिनत फायदे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक केला में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट और फ्रुक्टोज, ग्लूकोज और सुक्रोज जैसे शर्करा होते हैं। ये सभी पदार्थ तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं। यही कारण है कि केला को खिलाड़ियों और सक्रिय जीवनशैली जीने वालों के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसमें काफी मात्रा में फाइबर, खासकर पेक्टिन होता है, जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार होता है। यह स्वादिष्ट फल विटामिन बी6, विटामिन सी और पोटैशियम का भरपूर स्रोत है। केले में कई एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं।

**झुर्रियां कम होती है**

इसमें ट्रिप्टोफैन नामक एमिनो एसिड होता है, जो सेरोटोनिन में बदल जाता है। सेरोटोनिन मूड को ठीक करने और तनाव को कम करने में मदद करता है। केले में विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाते हैं। इसमें एंटी-एजिंग गुण भी होते हैं।

**किडनी की कार्यप्रणाली बेहतर होती**

केला का सेवन किडनी की कार्यप्रणाली को भी बेहतर बनाता है क्योंकि इसमें पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है और यह किडनी स्टोन के खतरे को कम करता है। इसमें मौजूद उच्च फाइबर अधिक खाने से रोकता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और वजन कम करने में मदद करता है।



**पाचन तंत्र बेहतर होता है**

यह हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है क्योंकि इसमें पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है और हृदय रोग के जोखिम को कम करता है। केले में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और कब्ज के साथ-साथ पेट के अल्सर को कम करने में मदद करता है।

**हड्डियां मजबूत रहती है**

विटामिन बी6 और पोटैशियम के अलावा केले में कुछ मात्रा में कैल्शियम भी होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। नियमित रूप से केला खाने से हड्डियों का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

केला में विटामिन सी और बी6 होता है, जो कई बीमारियों से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। कई शोधों से पता चला है कि मधुमेह के रोगी भी केला खा सकते हैं क्योंकि यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है।


# किड्स के लांचबॉक्स में प्रोटीन से भरपूर मूंग सैंडविच रखें, बच्चे बार-बार इसे खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान रेसिपी

हर दिन माओं की यह टेंशन रहती है बच्चों के टिफिन में हेल्दी और टेस्टी खाने में क्या बनाकर दें। अगर आप भी यहीं सोचते रहते हैं तो चिंता को दूर करें। बस बच्चे के टिफिन में हरी मूंग से बना हुआ सैंडविच बनाकर रख दें, एक बार बच्चे ने इसे खा लिया है तो इसे बार-बार खाने के लिए मांगेंगे। इस रेसिपी को बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको बताते हैं मूंह सैंडविच की रेसिपी।



**हरी मूंग सैंडविच की सामग्री**-एक कप हरी मूंग की दाल, ब्रेड, दो चम्मच बेसन, नमक स्वादानुसार, जीरा, हींग, हल्दी पाउडर, पिज्जा सिजनिंग मेयोनीज, चीज, टोमैटो सॉस, देसी घी।

# इन 3 नुस्खों से दूर होगा हाथों-पैरों और गर्दन का कालापन, निखर जाएगी त्वचा



हम सभी लोग फेस को साफ करने के लिए कितनी ही चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन हाथ-पैर और गर्दन जैसे अन्य काले हिस्सों को साफ करना भूल जाते हैं। जब हम इन जगहों को साफ करते हैं, तो भी उन जगहों पर कालापन रह जाता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से आपके शरीर के डार्क पार्ट्स की डेड स्किन क्लीन हो जाएगी और स्किन साफ नजर आएगी। आइए जानते हैं इन 3 नुस्खों को बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में...

**ईनो से दूर होगा कालापन**

इनो में ब्लीचिंग गुण पाए जाते हैं। इसलिए यह कालेपन को दूर करने में फायदेमंद साबित होता है। आप इसको कई तरीके से इस्तेमाल कर सकती है। यह नुस्खा बहुत असरदार है, तो आइए जानते हैं इसकी सामग्री और इसको अप्लाई करने के तरीके के बारे में...

**सामग्री**

ईनो- 1 पैकेट
पानी- 1 कटोरी
बेसन- 1 चम्मच
शैम्पू- 1 पैकेट
नारियल का तेल- 2 चम्मच
नींबू का रस- 1 चम्मच

ऐसे करें अप्लाई

एक कटोरी में पानी लें और उसमें इनो मिक्स कर लें।
फिर इसमें बेसन, नारियल का तेल, शैंपू और नींबू का रस डालकर इसे अच्छे से मिक्स कर लें।
अब इस लेप को अपनी गर्दन, घुटनों और हाथ-पैरों पर अप्लाई करें।
गर्दन को साफ करने के लिए आप स्पंज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।
वहीं पुराने ब्रश की मदद से पैरों को रगड़ कर साफ करें। फिर 5 मिनट तक काले हिस्से को रगड़ने के बाद पानी से साफ कर लें।
इस नुस्खे को अपनाने से आपको पहली बार में ही रिजल्ट देखने को मिलेगा।

**चावल का आटा**

आप में से बहुत सारे लोग चाहते हैं कि शरीर का हर हिस्सा साफ रहे और निखरी हुई नजर आए। इसके लिए चावल के आटे से आप हाथ-पैरों के कालेपन को दूर करने का तरीका बताने वाले हैं। आइए जानते हैं इस नुस्खे की सामग्री के बारे में।

सामग्री

चावल का आटा- 1 चम्मच
कॉफी पाउडर- 1 चम्मच
बेकिंग सोडा- 1/2 चम्मच
आधे नींबू का रस
गुलाब जल- जरूरत अनुसार

**ऐसे करें अप्लाई**

सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को उचित मात्रा में डालकर मिला लें।
फिर लास्ट में जरूरत अनुसार 2 बड़ा चम्मच गुलाबजल डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें और पेस्ट तैयार कर लें।
अब इस पेस्ट को शरीर के काले गहरे हिस्सों पर 10 मिनट के लिए अप्लाई करें फिर सूखने के बाद इसको धो लें।
इस तरह से आपकी स्किन निखर जाएगी और आप सप्ताह में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकती हैं।

**नींबू का छिलका**

बता दें कि नींबू में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन ब्राइटनिंग का काम करता है। ब्लीचिंग के गुण वाले नींबू का इस्तेमाल से डेड स्किन रिमूव होती है और डार्क ओपन एरिया को लाइट करता है।
इसके लिए आप बस करना ये है कि निचोड़े हुए नींबू के छिलकों को फेंके नहीं बल्कि इसे अपनी कोहनी और घुटनों पर घिसें। रोजाना ऐसा करने से डेड स्किन हटने लगेगी और हाथ-पैर साफ होने लगेंगे।

# घर पर बनाएं स्वादिष्ट सोया मोमोज, बेहद आसान है इसकी रेसिपी

जब बात डाइट की आती है, तो हमें फिर मोमोज कितने ही पसंद क्यों न हो इन्हें छोड़ना ही पड़ता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मार्केट के मोमोज खाने की बजाय घर पर हेल्दी और स्वादिष्ट सोया मोमोज बनाकर खा सकते हैं।

शायद ही ऐसा कोई होगा जिसको फास्ट फूट खाना पसंद न हो। वहीं मोमोज का नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। कुछ लोग तो बिना मोमोज खाए रह ही नहीं पाते हैं। मोमोज के साथ चटपटी चटनी खाने का अपना ही मजा होता है। न जाने कितने लोगों की यह फेवरेट डिश होती है।

हालांकि जब बात डाइट की आती है, तो हमें फिर मोमोज कितने ही पसंद क्यों न हो इन्हें छोड़ना ही पड़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मार्केट के मोमोज खाने की बजाय घर पर हेल्दी और स्वादिष्ट सोया मोमोज बनाकर खा सकते हैं।

सामग्री
सूजी- 200 ग्राम
सोयाबीन- 100 ग्राम
प्याज- 1 (बारीक कटी हुई)
लाल मिर्च पाउडर- आधा चम्मच
हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी हुई)
अदरक- 1 इंच (बारीक कटा हुआ)
काली मिर्च पाउडर- आधा चम्मच
नमक- स्वादानुसार
जीरा- 1 चम्मच

सोया मोमोज की विधि

सबसे पहले सभी सामग्री को इकट्ठा कर लें। फिर एक बाउल में सूजी को छानकर उसे आटे की तरह गूंथ लें।

आप चाहें तो इसमें तेल या घी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अब आटा को एक घंटे के लिए रख दें।

इस दौरान सोयाबीन का मसाला तैयार करें और सोयाबीन को भिगोकर रख दें।

अब सोयाबीन से पानी निचोड़कर मिक्सर ग्राइंडर में डालकर दरदरा पीस लें।


फिर एक कड़ाही में तेल गर्म कर उसमें जीरा का तड़का लगाएं।

तड़का लगाने के बाद अदरक, हरी मिर्च और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।

अब इसमें सोयाबीन डालकर अच्छे से मिक्स करें और करीब 10 मिनट तक भूनें।

इस तरह से मोमोज में भरने वाली सामग्री तैयार है।

फिर जो आटा आपने गूंथकर रखा है, उसकी छोटी-छोटी लोई बनाकर तैयार कर लें। इसके बाद लोई को पतला-पतला बेल लें और इसमें तैयार की गई सामग्री को भरकर बंद कर दें।



अब गैस पर पानी भरकर स्टिमर रखें और फिर इसमें मोमोज पकाएं।

जब यह अच्छे से पक जाएं, तो इनको प्लेट में निकालकर लाल चटनी के साथ सर्व करें।

## किसी चमत्कार से कम नहीं है गुड़ का काढ़ा, मिलते हैं जबरदस्त फायदे, जानें बनाने का तरीका

क्या आप ने कभी गुड़ का काढ़ा कभी पीया है? अगर नहीं तो गुड़ का काढ़ा जरुर पिएं। क्योंकि गुड़ में मौजूद पोषक तत्व शरीर की कई परेशानियों को दूर करता है। इसके सेवन से खतरनाक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।



अच्छी सेहत तो सब चाहते हैं लेकिन उसके लिए मेहनत कोई नहीं करना चाहता है। बेहतर स्वस्थ के लिए घरेलू उपाय काफी फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में आप गुड़ का काढ़ा बना सकते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। गुड़ में मौजूद पोषक तत्व शरीर की कई परेशानियों को दूर करते हैं। गुड़ में कैल्शियम, आयरन, विटामिन-सी, विटामिन-ए और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। आइए जानते हैं गुड़ का काढ़ा पीने से क्या होता है।

अगर आप गुड़ का काढ़ा पीते हैं, तो आपके शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती हैं। गुड़ का काढ़ा पीने से संक्रमण रोग से निजात मिलता है। इसके साथ ही गुड़ आपको कई बीमारियों से लड़ने में मदद करता है।

**पेट संबंधित समस्याएं दूर होती**

गुड़ का काढ़ा पीने से पेट से संबंधित समस्याएं दूर होती है। गुड़ का काढ़ा पीने से कब्ज, अपच और गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है। इसके लिए यहा डाइजेशन को बेहतर करता है। गुड़ का काढ़ा पीने से पाचन क्रिया दुरुस्त होता है। इससे आपकी सेहत अच्छी रहती है।

**हड्डियों को मजबूत करता**-गुड़ में कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें कैल्शियम का बेहतर सोर्स होता है। गुड़ का काढ़ा पीने से हड्डियो को मजबूती मिलती हैं। इतना ही नहीं, यह अर्थराइटिस की समस्या को दूर करता है।

तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं

यातायात पुलिस
जिला- कोरबा (छ.ग.)
आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। नागरिगों से अपेक्षा है कि वे अपनी भूमिका नियम पालन करने में निभाएं।

निष्पक्ष, निर्भीक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
कटघोरा एवं समस्त स्टाफ
जिला- कोरबा (छ.ग.)

तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक
कोरबा

तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

कादिर खान
व्यवसायी
कोरबा (छ.ग.)

निष्पक्ष, निर्भीक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
विकासखंड चिकित्सा अधिकारी
करतला एवं समस्त स्टाफ
जिला- कोरबा (छ.ग.)

निष्पक्ष, निर्भीक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
बालकोनगर
जिला- कोरबा (छ.ग.)

निष्पक्ष, निर्भीक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी पाली एवं समस्त स्टाफ
वनमंडल कटघोरा

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र..
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
जिला परिवहन अधिकारी
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.

निष्पक्ष, निर्भीक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
कटघोरा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
थाना प्रभारी
दीपका
जिला- कोरबा (छ.ग.)

राष्ट्रहित के सजग प्रहरी, निष्पक्ष, निर्भिक जन-जन के लोकप्रिय समाचार पत्र
तरूण छत्तीसगढ़ के 36वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
पप्पू कंस्ट्रक्शन
कोरबा
जिला-कोरबा छ.ग.

तरूण छत्तीसगढ़
निष्पक्ष, निर्भिक लोकतंत्र का आधार स्तंभ व समाज का सजग प्रहरी ...
तरूण छत्तीसगढ़ के 36 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
खनिज विभाग
में कार्यरत समस्त ठेकेदार
कोरबा, जिलाः कोरबा छ.ग.




# बालको के इंजीनियर विकसित भारत के सपने को दे रहे हैं आकार





**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर अपने प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग कर्मचारियों को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह प्रतिबद्धता नवाचार और प्रचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में कंपनी की भूमिका को दर्शाता है जिससे वैश्विक विनिर्माण लीडर के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है। मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग जैसे मुख्यधारा के इंजीनियरिंग से लेकर मेटलर्जिकल, मैटेरियल्स, माइनिंग, सिरेमिक, पॉवर और एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में लगभग 1500 इंजीनियर कपंनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये व्यक्ति सामूहिक रूप से बालको की प्रचानल क्षमता, नवाचार को बढ़ावा देने और लगातार विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करने का आधार हैं।इंजीनियर कंपनी के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह महत्वपूर्ण हैं इस पर बात करते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमारे इंजीनियर वेदांता बालको के नवाचार और सफलता के केंद्र में हैं। हम अपने इंजीनियरिंग प्रतिभा के विकास और कौशल वृद्धि की प्रतिबद्धता को पूरा करके कंपनी और उनकी क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं तथा भारत के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रहे हैं। ये इंजीनियर देश को वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी रहने के लिए सशक्त बना रहे हैं तथा नवाचार, कौशल विकास और तकनीकी निपुणता की अपनी यात्रा को भी आगे बढ़ा रहे हैं।लगभग दो दशकों से बालको कार्यस्थल पर टीम लीडर के रूप में काम कर रहे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर अनुज सूद ने कहा बताया कि 18 साल पॉटलाइन जहां इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से एल्युमिना पाउडर से एल्यूमिनियम बनाया जाता है। मैंने देखा है कि कैसे बालको ने प्रचालन दक्षता की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाया है। हम जिन मैकनिकल सिस्टम के साथ काम करते है उनकी जटिलता- गलाने की तकनीक से लेकर पॉटलाइन उपकरणों की सटीक इंजीनियरिंग तकनीकी विशेषज्ञता के साथ निरंतर नवाचार की मांग करती है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारी प्रक्रियाएं वैश्विक एल्यूमिनियम क्षेत्र में आगे रहें। एक साल पहले ही बालको परिवार में शामिल हुए मेटलर्जिकल इंजीनियर ईशान चतुर्वेदी ने कहा कि वेदांता बालको में अपना करियर शुरू करना एक अविश्वसनीय अवसर रहा है। पॉटलाइन्स स्मेलटिंग प्रक्रिया के मूल में हैं और अनुभवी इंजीनियरों से सीखते हुए ऐसी उन्नत प्रणालियों के साथ काम करना रोमांचक रहा है। मेरे लिए सबसे खास बात है कि बालको ने सस्टेनबिलिटी की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करके भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक के रूप में अपनी विरासत को कायम रखा है। मैं इस क्षेत्र में अपने तकनीकी ज्ञान का विस्तार करते हुए कंपनी की भविष्य की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

बालको पॉटलाइन के प्रोसेस कंट्रोल में प्रोडक्शन इंजीनियर निशा मांझी अपने दो साल के सफर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कि पॉटलाइन्स के प्रोसेस कंट्रोल में इच्छानुसार काम करना तथा पुरस्कृत होना मेरे लिए गौरव की बात है। एल्यूमिनियम प्रोडक्शन प्रोसेस की एफिशिएंसी सुनिश्चित करने के लिए सटीक निगरानी और अनुकूलन की आवश्यकता होती है। इंजीनियर के रूप में मैं लगातार डेटा का विश्लेषण कर हमारे सिस्टम के परफार्मेंस और सेफ्टी को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देती हूँ। इस भूमिका में आने वाली चुनौतियों के बावजूद मैं हमेशा अपनी टीम द्वारा उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित रही हूँ। बालको लोगों के इस धारणा को तोड़ने में सहायक बना कि महिलाएँ आपरेशन क्षेत्र में कामयाब नहीं हो सकती हैं। कंपनी तकनीकी कौशल और नवाचार को सबसे अधिक महत्व देती है जिससे मुझे प्रचालन में आगे बढ़ने और सार्थक योगदान देने अवसर मिला है। विभिन्न विषयों के इंजीनियरों की विशेषज्ञता का उपयोग करके बालको प्रचालन उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रहा है। कंपनी देश में एल्यूमिनियम उत्पादन में सबसे आगे रहने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत के विज़न में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है।

